▪ चैत्र कृष्ण - 3 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 228 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 17-03-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



4 मेवाड़ की विरासत को आगे बढ़ाने में अरविंद सिंह ने निभाई अहम भूमिका

6 कर्नाटक सरकार के नए आरक्षण फैसले पर उठा तूफान

7 बैक-टू-बैक अलग-अलग फिल्मों में काम कर रही हैं शनाया कपूर



## फर्स्ट टेक

### ट्रंप और पुतिन इस सप्ताह रूस-यूक्रेन युद्ध पर बात करेंगे : अमेरिकी दूत

**वेस्ट पाम बीच/एपी।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को समाप्त कराने के प्रयास के तहत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस सप्ताह बातचीत कर सकते हैं। ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने यह जानकारी दी। ट्रंप द्वारा जनवरी में राष्ट्रपति का कार्यभार संभाले जाने के बाद दोनों देशों के नेता दूसरी बार सार्वजनिक रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध पर बातचीत करेंगे। ट्रंप और पुतिन ने फरवरी में बातचीत की थी और यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए उच्च स्तरीय वार्ता शुरू करने पर सहमति जताई थी। विटकॉफ ने 'सीएनएन' के 'स्टेट ऑफ द यूनियन' कार्यक्रम में रविवार को कहा, ''मुझे लगता है कि इस सप्ताह दोनों राष्ट्रपतियों के बीच बहुत अच्छी और सकारात्मक चर्चा होगी।''

### उत्तर मैसेडोनिया के नाइट क्लब में आग लगने से 59 लोगों की मौत, 155 घायल

**स्कोप्जे (उत्तर मैसेडोनिया)/एपी।** उत्तर मैसेडोनिया के दक्षिणी शहर कोकानी के एक नाइट क्लब में शनिवार देर रात भीषण आग लगने से 59 लोगों की मौत हो गई और 155 अन्य घायल हो गए। गृह मंत्री पांसे तोशकोवस्की ने यह जानकारी दी। तोशकोवस्की ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आग देर रात 2:35 बजे एक स्थानीय पॉप समूह के संगीत कार्यक्रम के दौरान लगी। उन्होंने कहा कि क्लब में जाने वाले युवाओं ने आतिशबाजी की जिससे आग लग गई। उन्होंने बताया कि अब तक 39 मृतकों की पहचान हो सकी है। क्लब में गए लोगों के परिवार के सदस्य अस्पतालों और कोकानी में कार्यालयों के सामने एकत्र होकर अधिकारियों से इस संबंध में अधिक जानकारी देने की गुहार लगा रहे हैं।

### पाकिस्तान: काफिले पर हमला, तीन जवानों समेत 11 लोगों की मौत, 35 घायल

**नुश्की/एजेन्सी।** पाकिस्तान के हिंसा प्रभावित बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को अलगाववादियों द्वारा किए गए विस्फोट और सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी में कम से कम तीन सैनिकों व चार आतंकवादियों समेत 11 लोग मारे गए जबकि 35 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने सुबह फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) के काफिले पर आईईडी विस्फोट और आत्मघाती हमला किया। हमले में एफसी के तीन सैनिक और दो नागरिक मौके पर ही मारे गए।

| | |
|---|---|
| 17-03-2025 सूर्यास्त 6:19 बजे | 18-03-2025 सूर्योदय 6:14 बजे |
| BSE 73,828.91 (-200.85) | NSE 22,397.20 (-73.30) |
| सोना 8,997 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 107,000 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### रंगे सियार

लटक रही तलवार आप पर,
रोज नया होता पंगा।
चाल सियासी चलते सारे,
करते हैं खुद को नंगा।
चाहे लड़ ले आपस में पर,
हाल सभी का है चंगा।
राजनीति के अमर कुण्ड में,




कांग्रेस ने मजाक उड़ाया, लेकिन

## बोडो समझौते से असम में शांति स्थापित हुई : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोकराझार (असम)/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि जब भाजपा नीत सरकार ने बोडो समझौते पर हस्ताक्षर किए तो कांग्रेस ने उसका मजाक उड़ाया था, लेकिन इससे क्षेत्र में शांति स्थापित हुई और विकास को बल मिला।

शाह ने असम के कोकराझार में ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन (एबीएसयू) के 57वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र ने बोडोलैंड के विकास के लिए 1,500 करोड़ रुपए दिए हैं, जिसकी आबादी 35 लाख है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि बोडो समझौते के 82 प्रतिशत प्रावधानों का क्रियान्वयन हो चुका है तथा शेष प्रावधान अगले दो वर्षों में लागू कर दिए जाएंगे।

शाह ने बोडो युवाओं से 2036 के ओलंपिक खेलों की तैयारी शुरू करने का भी आह्वान किया, जिसका आयोजन गुजरात के अहमदाबाद शहर में प्रस्तावित है।

भाजपा नेता ने कहा कि बोडो युवा अब बंदूक के बजाय अपने हाथों में तिरंगा लेकर चलते हैं और यह जनवरी 2020 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा, ''यह क्षेत्र में शांति लाने में समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले एबीएसयू की भूमिका के कारण संभव हुआ है।''

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ''कांग्रेस भले ही हम पर हंसी हो कि बीटीआर में शांति नहीं होगी, लेकिन बोडो समझौते के 82 प्रतिशत प्रावधानों को लागू किया जा चुका है और अगले दो वर्षों में 100 प्रतिशत प्रावधानों को पूरा कर लिया जाएगा।''



## ग्वालियर के अस्पताल में लगी आग, 190 से ज्यादा मरीजों को बचाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ग्वालियर (मप्र)/भाषा।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर में एक सरकारी अस्पताल में शनिवार देर रात आग लग गई, जिसके बाद 190 से अधिक मरीजों को अस्पताल से बचाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

ग्वालियर की जिलाधिकारी रुचिका चौहान ने बताया कि आग रात करीब एक बजे कमला राजा अस्पताल के स्त्री रोग विभाग की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) के एयर कंडीशनर में लगी। यह अस्पताल गजरा राजा मेडिकल कॉलेज का हिस्सा है।

अधिकारियों ने बताया कि आईसीयू से 13 मरीजों समेत 190 से अधिक मरीजों को बचा लिया गया और दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

चौहान ने बताया कि अस्पताल के गार्डों ने तत्काल आईसीयू में भर्ती मरीजों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला और उन्हें सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि अस्पताल के गार्डों ने तत्काल आईसीयू में भर्ती मरीजों को खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला और उन्हें सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि अस्पताल के आईसीयू और अन्य वार्डों के सभी मरीज सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जाएगी।

राज्य के जनसंपर्क विभाग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि कमला राजा अस्पताल के स्त्री रोग विभाग में आग लगने का कारण संभवतः शॉर्ट सर्किट हो सकता है।

## नासा के फंसे हुए अंतरिक्ष यात्रियों ने नए दल का अंतरिक्ष स्टेशन में स्वागत किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**केप कैनवेरल/एपी।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लंबे समय से फंसे अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को तैनात करने के लिए एक दिन पहले रवाना हुआ 'स्पेसएक्स' का यान रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया।

इसके साथ ही विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ हो गया।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे चार नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, जापान और रूस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे कुछ दिन विलियम्स और विल्मोर से स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।




माना जा रहा है कि अगर मौसम सही रहा तो दोनों फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को अगले सप्ताह फ्लोरिडा के तट के निकट जलक्षेत्र में उतारा जाएगा। विल्मोर और विलियम्स बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल से पांच जून को केप कैनवेरल से रवाना हुए थे। दोनों एक सप्ताह के लिए ही गए थे लेकिन अंतरिक्ष यान से हीलियम के रिसाव और वेग में कमी के कारण ये लगभग नौ माह से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुए अंतरिक्ष यात्रियों के नए दल में नासा से ऐनी मैक्लेन और निकोल एयर्स शामिल हैं। वे दोनों सैन्य पायलट हैं। इनके अलावा जापान के ताकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव भी रवाना हुए हैं और दोनों विमानन कंपनियों के पूर्व पायलट हैं।

# 'पाकिस्तान ने शांति के हर प्रयास का जवाब शत्रुता और विश्वासघात से दिया'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत की तरफ से शांति के हर प्रयास का जवाब पाकिस्तान ने शत्रुता और विश्वासघात से दिया और उम्मीद जताई कि उसे सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का मार्ग अपनाएगा।




लेक्स फ्रीडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय वैदिक संतों और स्वामी विवेकानंद ने जो कुछ भी सिखाया है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी वही सिखाता है। उन्होंने कहा, ''मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित किया था, लेकिन शांति के हर प्रयास का जवाब शत्रुता और विश्वासघात से मिला। हम पूरी उम्मीद करते हैं कि पाकिस्तान को सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का मार्ग अपनाएगा।''

मोदी ने कहा कि उनका मानना है कि पाकिस्तान के लोग भी शांति चाहते हैं क्योंकि वे भी संघर्ष, अशांति और निरंतर आतंक में रहते हुए थक गए होंगे, जहां मासूम बच्चे भी मारे जाते हैं और अनगिनत जिंदगियां बर्बाद हो जाती हैं।

### रूस-यूक्रेन संघर्ष तभी सुलझेगा जब दोनों पक्ष वार्ता करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष कभी भी युद्ध के मैदान में नहीं सुलझ सकता और इसका समाधान तभी होगा जब दोनों पक्ष वार्ता की मेज पर बैठेंगे। अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में मोदी ने स्पष्ट किया कि इस संघर्ष में भारत तटस्थ नहीं है बल्कि शांति के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ अपने अच्छे संबंधों पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा कि वह रूस से आग्रह कर सकते हैं कि युद्ध समाधान नहीं है और यूक्रेन को याद दिला सकते हैं कि युद्ध के मैदान से कभी समाधान नहीं निकलता। उन्होंने कहा, ''रूस और यूक्रेन के साथ मेरे एक जैसे करीबी संबंध हैं। मैं राष्ट्रपति पुतिन के साथ बैठ सकता हूं और कह सकता हूं कि यह युद्ध का समय नहीं है। और मैं राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की को दोस्ताना तरीके से यह भी बता सकता हूं कि भाई, दुनिया में चाहे जितने भी लोग आपके साथ खड़े हों, युद्ध के मैदान में कभी कोई समाधान नहीं निकलेगा।''

### मानव कल्पनाशीलता की जगह नहीं ले सकती एआई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शक्तिशाली है, लेकिन यह कभी भी मानव कल्पनाशीलता की जगह नहीं ले सकती। उन्होंने कहा कि दुनिया चाहे एआई के साथ कुछ भी कर ले, लेकिन भारत के बिना यह अधूरी रहेगी। रविवार को लेक्स फ्रीडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में मोदी ने कहा कि वास्तविक मानवीय बुद्धिमत्ता के बिना, कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) विकसित नहीं हो सकती या स्थायी रूप से प्रगति नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री ने कहा, यह सही है कि हर युग में प्रौद्योगिकी और मानवता के बीच प्रतिस्पर्धा का माहौल बना। कई बार इसे संघर्ष के रूप में भी चित्रित किया गया। अक्सर ऐसा दर्शाया गया, मानो प्रौद्योगिकी मानव अस्तित्व को ही चुनौती दे देगी। उन्होंने कहा, लेकिन हर बार, जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी आगे बढ़ी, मनुष्य ने खुद को (उसके मुताबिक) ढाल लिया और एक कदम आगे रहा। हमेशा से ऐसा ही होता आया है। आखिरकार, यह मनुष्य ही है जो अपने लाभ के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के सर्वोत्तम तरीके खोजता है। मोदी ने यह भी कहा कि उनका मानना है कि एआई के साथ, मनुष्य अब यह सोचने के लिए मजबूर हो रहा है कि मानव होने का सही अर्थ क्या है। उन्होंने कहा, यह एआई की असली ताकत है। एआई के काम करने के तरीके की वजह से, इसने हमारे काम को देखने के तरीके को चुनौती दी है। लेकिन मानवीय कल्पना ही ईंधन है।

### पाकिस्तान को चीन ने दूसरी पनडुब्बी सौंपी

**बीजिंग/भाषा।** चीन ने अरब सागर में भारत के करीब हिंद महासागर में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने की रणनीति के तहत पाकिस्तानी नौसेना को मजबूत करने की कोशिश कर रही है और इसी कड़ी में अत्याधुनिक हथियारों और संवेदकों से लैस दूसरी पनडुब्बी की आपूर्ति की है। चीन के आधिकारिक मीडिया ने रविवार को बताया कि हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी, को चीन के हुबेई प्रांत के वुहान में जलावतरण किया गया। यह पाकिस्तान को करीब पांच अरब डॉलर के सौदे के तहत दी गई आठ ऐसी पनडुब्बियों में शामिल है। यह उन चार आधुनिक नौसैनिक 'फ्रिगेट' के अतिरिक्त है, जो चीन ने पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान को सौंपे हैं। यह आपूर्ति पाकिस्तान की नौसैनिक ताकत को बढ़ाने के प्रयासों के तहत की गई है। अरब सागर में चीनी नौसेना का लगातार विस्तार हो रहा है। वह बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को विकसित करने के साथ-साथ हिंद महासागर में भी अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। एक चीनी विशेषज्ञ ने सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स को बताया कि नई पनडुब्बी में मजबूत व्यापक युद्ध क्षमता है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों के लिए वांछित लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर की पाकिस्तान में हत्या

**नई दिल्ली/भाषा।** जम्मू-कश्मीर में कई घातक आतंकी हमलों के लिए वांछित लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने पड़ोसी देश से मिली जानकारी के आधार पर बताया कि जिया-उर-रहमान उर्फ नदीम उर्फ अबू कतल उर्फ कतल सिंधी की शनिवार शाम पंजाब प्रांत के झेलम इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि बंदूकधारियों ने रहमान के सुरक्षा गार्ड की भी हत्या कर दी।



रहमान को लश्कर संस्थापक हाफिज सईद का भरोसेमंद सहयोगी माना जाता था। वह जम्मू-कश्मीर के पूंछ-राजौरी क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था।

अधिकारियों के मुताबिक, रहमान ने वर्ष 2000 की शुरुआत में जम्मू क्षेत्र में घुसपैठ की थी और 2005 में वापस पाकिस्तान चला गया था।




## न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन पांच दिवसीय भारत यात्रा पर पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए रविवार को भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर पहुंचे। लक्सन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे और 'रायसीना डायलॉग' के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

मोदी-लक्सन वार्ता से पहले, दोनों देशों ने एक व्यापक और पारस्परिक रूप से हितकारी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा की।

राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने के कुछ ही देर बाद, न्यूजीलैंड के नेता ने भारत को न्यूजीलैंड की समृद्धि, सुरक्षा और समाज के लिए ''बहुत महत्वपूर्ण'' देश बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''भारत न्यूजीलैंड के लोगों के लिए बहुत बड़ा आर्थिक अवसर प्रदान करता है। इसीलिए मैं यहां आया हूं और मैं अपने साथ व्यापार और समुदाय के नेताओं का एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल लेकर आया हूं।'' यात्रा से कुछ दिन पहले, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा था कि वह भारत के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी के लिए प्रयास करेंगे और द्विपक्षीय सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने के तौर-तरीके तलाश करेंगे। दिल्ली हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने लक्सन का स्वागत किया।

## केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दी : इसरो प्रमुख

**चेन्नई/भाषा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार ने चंद्रमा का अध्ययन करने के लिए महत्वाकांक्षी 'चंद्रयान-5 मिशन' को हाल ही में मंजूरी दे दी है।

बेंगलूरु मुख्यालय वाले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने पर उन्हें सम्मानित करने के लिए आयोजित एक समारोह में नारायणन ने कहा कि 'चंद्रयान-5 मिशन' के तहत, चंद्रमा की सतह का अध्ययन करने के लिए 250 किलोग्राम का रोवर भेजा जाएगा जबकि चंद्रयान-3 मिशन में 25 किलोग्राम का रोवर 'प्रज्ञान' ले जाया गया था। चंद्रयान मिशन का उद्देश्य चंद्रमा की सतह का अध्ययन करना है।

इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया, जिसके लैंडर विक्रम ने 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक 'सॉफ्ट लैंडिंग' की।

नारायणन ने कहा, ''बस तीन दिन पहले ही हमें चंद्रयान-5 मिशन के लिए मंजूरी मिली है। हम इसे जापान के सहयोग से करेंगे।''

चंद्रयान-4 मिशन का उद्देश्य चंद्रमा से एकत्रित नमूनों को लाना है। ऐसी संभावना है कि चंद्रयान-4 को साल 2027 में प्रक्षेपित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रमुख नालों की स्थिति का निरीक्षण किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को शहर के प्रमुख नालों की स्थिति का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मानसून से पहले इनकी सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री के साथ उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना, लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा और अन्य अधिकारी भी थे।

गुप्ता ने ''निकासी प्रणाली की अनदेखी करने'' के लिए पिछली सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि इसके कारण सड़कों पर जलभराव हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''पिछली सरकारों ने इन नालों को गंभीरता से नहीं लिया। जब इन जैसे बड़े नालों की सफाई नहीं की जाती तो अवजल का सड़कों पर बहना स्वाभाविक है।'' उन्होंने बरसात के मौसम में सड़कों पर पानी भरने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। गुप्ता ने सुनहरी, बारापुला और कुशक नालों की स्थिति का निरीक्षण किया तथा पाया कि उनके रखरखाव के लिए जिम्मेदार विभिन्न एजेंसी के बीच समन्वय की कमी है। उन्होंने कहा, ''विभिन्न एजेंसी के बीच इस बात को लेकर कोई स्पष्टता नहीं थी कि नालों की सफाई और रखरखाव कौन करेगा। हमने अब यह जिम्मेदारी बाढ़ और सिंचाई विभाग को दे दी है। नालों से समय पर गाद निकालने की जिम्मेदारी इसी एजेंसी की होगी। इस काम के लिए एक योजना बनाई जाएगी और बजट आवंटित किया जाएगा।'' संवाददाताओं से बात करते हुए उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली नवगठित सरकार ने यह सुनिश्चित करने का वादा किया है कि बारिश के दौरान कोई जलजमाव न हो। हमने बड़े नालों का निरीक्षण किया, जिसमें बारापुला, सुनहरी और दयाल सिंह कॉलेज के पास का एक नाला शामिल है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को कुछ निर्देश दिए हैं। समन्वित तरीके से और तेजी से काम किया जा रहा है।''

गुप्ता ने कहा कि पहले से तैयारी करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''इन नालों को मानसून से पहले साफ किया जाना चाहिए, ताकि उनमें बारिश के दौरान पानी न भरे। एक दिन में कुछ नहीं होता। हमें प्रदूषण से निपटने के लिए गर्मियों की कार्ययोजना और सर्दियों की योजना आज से ही शुरू करनी होगी।'' उन्होंने कुशल शासन सुनिश्चित करने के लिए अपनी सरकार की रणनीति को भी रेखांकित किया।

गुप्ता ने कहा, ''सभी मंत्रियों को मिशन दिए गए हैं और हमारे सभी विधायकों को लोक कार्यों में लगाया गया है।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने सुनिश्चित किया है कि जलभराव को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी समस्या है जिसके कारण पिछले मानसून में शहरवासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। दिल्ली की जल निकासी व्यवस्था की स्थिति हाल के विधानसभा चुनाव में एक प्रमुख मुद्दा थी। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) को हराया था। भाजपा ने 70 में से 48 सीट जीतीं जबकि आम आदमी पार्टी को केवल 22 सीट पर जीत मिली।



## घरों की मांग मजबूत, कीमतें मुद्रास्फीति की दर से अधिक बढ़ेंगी : क्रेडाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा है कि घरों की मांग मजबूत बनी हुई है और बजट में कर प्रोत्साहन तथा हाल ही में रेपो दर में कटौती से इसमें और वृद्धि की उम्मीद है। क्रेडाई निजी रियल एस्टेट डेवलपर्स का एक शीर्ष निकाय है।

ईरानी ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि भारतीय आवास बाजार में मांग में कमी के कोई संकेत नहीं हैं, बल्कि यह दीर्घावधि में बढ़ती रहेगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि कुछ बाजारों में इसका असर हो सकता है, लेकिन कुल मिलाकर अखिल भारतीय स्तर पर वृद्धि को लेकर कोई चिंता नहीं है। उन्होंने नासिक में हुई बातचीत में कहा कि रियल एस्टेट चक्र में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव ऐसी चीज नहीं है जिसके बारे में हमें चिंता करने की जरूरत है। हमें दीर्घकालिक वृद्धि को देखने की जरूरत है। क्रेडाई ने नासिक में हाल में दो दिन के सम्मेलन का आयोजन किया था। यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले तीन कैलेंडर वर्ष का उत्साह अब कम हो गया है, ईरानी ने कहा, ''मुझे ऐसा नहीं लगता।'' उन्होंने इसके लिए फरवरी माह के मुंबई बाजार के संपत्ति पंजीकरण आंकड़ों का हवाला दिया। मुंबई क्षेत्र में संपत्तियों का पंजीकरण फरवरी में 12,000 इकाई पर स्थिर रहा है।

ईरानी ने कहा कि बजट में पेश किए गए कर प्रोत्साहन और हाल ही में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती से घरों की मांग में सुधार होगा। उन्होंने कहा, ''हाल के दिनों में मैंने जो सबसे साहसिक कदम देखा है, वह वर्तमान बजट है, जिसमें सरकार ने घोषणा की है कि वह 12 लाख रुपए तक की आय पर कर नहीं लगाएगी।''



## डिजिटल प्रतिस्पर्धा कानून उचित प्रक्रिया के बाद बनाया जाएगा: केंद्रीय मंत्री मल्होत्रा

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने रविवार को कहा कि उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद डिजिटल प्रतिस्पर्धा कानून लाया जाएगा। डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक (डीसीबी) के मसौदे पर 100 से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिसे पिछले साल कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक परामर्श के लिए रखा गया था।

कॉरपोरेट मामलों के राज्य मंत्री मल्होत्रा ने कहा कि विधेयक पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की रिपोर्ट का इंतजार है। हम (डिजिटल प्रतिस्पर्धा कानून लाने में) जल्दबाजी में नहीं हैं... (हम) उचित प्रक्रिया का पालन करेंगे। राष्ट्रीय राजधानी में प्रतिस्पर्धा कानून के अर्थशास्त्र पर राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जापान, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप जैसे अन्य क्षेत्रों में डिजिटल बाजारों के संबंध में सर्वोत्तम प्रथाओं पर गौर किया जा सकता है और वे भारतीय बाजार में कैसे फिट हो सकते हैं।

## औरंगजेब की कब्र हटाने से कोई फायदा नहीं होगा : आठवले



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग का विरोध करते हुए कहा कि ऐसे कदम से किसी उद्देश्य की पूर्ति नहीं होगी।

शनिवार रात यहां पत्रकारों से बात करते हुए रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के नेता ने यह भी कहा कि इस मामले का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। कुछ दक्षिणपंथी संगठनों ने छत्रपति संभाजीनगर के खुल्दाबाद में स्थित औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग की है। बजरंग दल और विहिप जैसे संगठनों ने सोमवार को राज्य सरकार को एक ज्ञापन सौंपने की योजना बनाई है, जिसमें कब्र को हटाने के लिए कानूनी कार्रवाई का आग्रह किया जाएगा। संगठनों ने मांग पूरी नहीं होने पर 'कारसेवा' और राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज और सतारा से भाजपा सांसद उदयनराजे भोसले ने छत्रपति संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग की थी। आठवले ने कहा कि यह सच है कि औरंगजेब क्रूर था और उसने (शिवाजी महाराज के बेटे) छत्रपति संभाजी महाराज को मार डाला, लेकिन, औरंगजेब (मराठा) साम्राज्य को जीतने में विफल रहा और अंततः महाराष्ट्र में उसकी मृत्यु हो गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''औरंगजेब की कब्र कई वर्षों से मौजूद है और इस मुद्दे को फिर से खोलने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह कब्र उसके बुरे कर्मों की याद दिलाती है और इसे हटाने से किसी उद्देश्य की पूर्ति नहीं होगी।'' कुछ भाजपा नेताओं द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने के बारे में पूछे जाने पर आठवले ने कहा कि उनका मानना है कि इस मामले का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए।



## नवी मुंबई हवाई अड्डे का उद्घाटन जून में होगा: गौतम अदाणी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को कहा कि आगामी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन जून में किया जाएगा।

इससे पहले, इसका उद्घाटन 17 अप्रैल को होना तय था।

नया हवाई अड्डा- छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद मुंबई महानगर क्षेत्र में दूसरी सुविधा है, जिसे (एक विशेष प्रयोजन इकाई) एनएमआईएएल द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) और सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ महाराष्ट्र (सिडको) के बीच 74:26 का संयुक्त उद्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी, 2018 में नए हवाई अड्डे की आधारशिला रखी थी, जिस पर 16,700 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सीमित क्षमता वाले मुंबई हवाई अड्डे पर भीड़भाड़ को कम करना और देश में हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करना है।

अदाणी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, भारत के विमानन भविष्य की एक झलक! आज नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थल का दौरा किया एक विश्व स्तरीय हवाई अड्डा आकार ले रहा है। इस जून में उद्घाटन के लिए तैयार, यह कनेक्टिविटी और वृद्धि को फिर से परिभाषित करेगा। भारत के लिए एक सच्चा उपहार!

## भारत अगले सप्ताह क्षेत्रीय आंतकवाद निरोधक सम्मेलन की मेजबानी करेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत बुधवार को आतंकवाद और उग्रवाद के खतरे से निपटने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार करने के वास्ते 10 देशों के संगठन आसियान और उसके कुछ वार्ता साझेदारों के दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आसियान रक्षा मंत्रियों की 'मीटिंग-प्लस' (एडीएमएम-प्लस) तंत्र के ढांचे के तहत आतंकवाद निरोध पर विशेषज्ञ कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) के सम्मेलन में उभरते क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य पर भी विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। एडीएमएम-प्लस एक मंच है जिसमें 10 देशों का आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन) और उसके आठ वार्ता साझेदार - भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस और अमेरिका शामिल हैं। दिल्ली में आयोजित होने वाले ईडब्ल्यूजी सम्मेलन की अध्यक्षता भारत और मलेशिया संयुक्त रूप से करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बैठक में 10 आसियान सदस्यों और समूह के आठ वार्ता साझेदारों के प्रतिनिधिमंडल के साथ-साथ तिमोर लेस्ते और आसियान सचिवालय भी भाग लेंगे। इसमें कहा गया है, ''भारत पहली बार आतंकवाद-रोधी ईडब्ल्यूजी की सह-अध्यक्षता करेगा।'' रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह बुधवार को सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करेंगे। यह 2024-2027 तक चलने वाले चक्र के लिए आतंकवाद-रोधी गतिविधियों पर ईडब्ल्यूजी द्वारा नियोजित गतिविधियों की पहली बैठक होगी।

## उत्तरकाशी में जर्मन नागरिक से साइबर ठगों ने 30 लाख ठगे

**उत्तरकाशी/भाषा।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में घूमने आए एक जर्मन नागरिक से उसका नाम धन शोधन में आने और उसे कार्रवाई से बचाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने 30 लाख रुपए ठग लिए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

उत्तरकाशी कोतवाली प्रभारी तथा पुलिस निरीक्षक भावना कैंथोला ने रविवार को यहां बताया कि डुंडा क्षेत्र के कुंसी गांव में स्थित एक आश्रम में ठहरे डॉ हरमन हेनरिक ने इस संबंध में दी गयी अपनी शिकायत में कहा गया है कि चार मार्च को उन्हें एक व्यक्ति ने फोन पर जानकारी दी कि उनका नाम धन शोधन मामले में आया है।

शिकायत के अनुसार, उस व्यक्ति ने अपने आपको पुलिस का अधिकारी बताते हुए उनसे इस संबंध में किसी भी प्रकार की कार्रवाई से बचने के लिए अपने पास मौजूद रकम को उसके बताए एक बैंक खाते में जमा करने के लिये कहा।

## भाजपा विधायक ने केदारनाथ धाम में गैर-हिंदुओं पर प्रतिबंध लगाने की मांग की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड में 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा से पहले केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की विधायक आशा नौटियाल ने रविवार को केदारनाथ धाम में मांस-मछली और शराब जैसी गलत गतिविधियां कर रहे 'गैर-हिंदुओं' पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए कहा कि ऐसे लोग धाम को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।

नौटियाल ने यहां एक वीडियो में कहा कि हाल में यात्रा की तैयारियों को लेकर स्थानीय होटल, ढ़ाबा व्यवसायी और घोड़े-खच्चर रखने वाले लोगों के साथ हुई एक बैठक में यह बात खुलकर सामने आयी थी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने यह मुद्दा उठाया था कि गैर-हिंदू लोग वहां मांस, मछली और शराब के व्यापार जैसी गलत गतिविधियां में संलिप्त हैं। भाजपा विधायक ने कहा, जो भी लोग धाम को बदनाम करने का काम करते हैं, उन पर प्रतिबंध लगना ही चाहिए। नौटियाल ने यह भी कहा कि केदारनाथ और प्रदेश के अन्य धामों के दर्शन के लिए पूरे देश और विश्व से श्रद्धा के साथ लोग आते हैं इसलिए उनकी आस्था को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका यह कर्तव्य बनता है कि वह स्थानीय लोगों द्वारा उठायी गयी मांगों को उचित मंच पर रखें और सुनिश्चित करें कि गलत गतिविधियों पर रोक लगायी जाए।

# अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान ने स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य में पार्टी की सरकार के तीन साल पूरे होने पर रविवार को अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल पंजाब के होशियारपुर में 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र पूरा करने के बाद शनिवार को अमृतसर पहुंचे। स्वर्ण मंदिर में केजरीवाल के साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और पंजाब सरकार में मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल समेत आम आदमी पार्टी के कई नेता भी मौजूद थे। 'आप' ने 2022 में पंजाब में कुल 117 विधानसभा सीट में से 92 सीट जीतकर सरकार बनाई थी। केजरीवाल ने अमृतसर में संवाददाताओं से कहा, ''मान साहब ने 16 मार्च 2022 को पंजाब के मुख्यमंत्री का पद संभाला था। आज हम यहां गुरु महाराज का आशीर्वाद लेने आए हैं। तीन वर्षों में उन्होंने (गुरुओं ने) हमारा मार्गदर्शन किया और लोगों की सेवा करते रहने की शक्ति प्रदान की।'' उन्होंने कहा, ''आज पंजाब में सबसे बड़ी समस्या नशा और भ्रष्टाचार है। पंजाब के लोगों ने नशा और भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ दी है।'' इससे पहले भगवंत मान ने दावा किया कि पिछले तीन वर्षों में जो काम हुआ है, वह पिछले 70 वर्षों में भी नहीं हुआ। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा, ''16 मार्च 2022 को खटकड़ कलां में हमने पंजाब को फिर से 'रंगला पंजाब' (समृद्ध) बनाने का संकल्प लिया था... हम उस वादे को पूरा करने के लिए नेक नीयत और पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रहे हैं।''

## उत्तराखंड विस में 'अभद्र टिप्पणी' कर फंसे मंत्री प्रेमचंद ने दिया इस्तीफा

**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड विधानसभा में 'पहाड़-मैदान' को लेकर 'अभद्र टिप्पणी' करने के कारण पिछले काफी समय से विरोध का सामना कर रहे संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्रीप्रेम चंद अग्रवाल ने रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अग्रवाल ने यहां मुख्यमंत्री आवास में पुष्कर सिंह धामी से भेंटकर अपना इस्तीफा सौंपा।

होली से पूर्व मुख्यमंत्री धामी दिल्ली गए थे और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेताओं से इस मसले पर मुलाकात की थी और माना जा रहा था कि जल्द ही अग्रवाल से इस्तीफा मांगा जा सकता है। हाल में राज्य विधानसभा में बजट सत्र के दौरान



कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट ने अग्रवाल के खिलाफ टिप्पणी की थी, जिस पर भड़कते हुए मंत्री ने कहा था कि क्या उत्तराखंड केवल पहाड़ के लिए बना है और क्या हमने इसी दिन के लिए आंदोलन किया था कि पहाड़ी और देसी (मैदानी) को लेकर टिप्पणियां की जाएं। इस दौरान अग्रवाल ने अपशब्द भी कह दिया था। अग्रवाल की टिप्पणी को लेकर सोशल मीडिया से लेकर प्रदेश में सड़कों तक प्रदर्शन हुआ और उनके पुतले फूंके गए।

## नाश्ता और पैकेट-बंद खानपान कारोबार में काफी संभावनाएं: पेप्सिको

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पेप्सिको के भारत और दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जागृत कोटेचा ने कहा कि कंपनी पैकेट बंद खानपान खंड में अपनी भूमिका बढ़ाएगी और अलग-अलग स्वाद वाले 'विभिन्न भारतीयों' की जरूरतों को पूरा करेगी। कंपनी देश में दहाई अंक की वृद्धि को कायम रखने के लिए नवाचार और प्रीमियम खंड पर दांव लगा रही है।

पेप्सिको भारत में अपने स्नैक्स (नाश्ता) कारोबार का विस्तार करेगी, क्योंकि अन्य देशों की तुलना में यहां खपत बहुत कम है और बढ़ते शहरीकरण तथा बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ जेब में अधिक पैसा आने के कारण कोटेचा को उम्मीद है कि पैकेट बंद खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कुरकुरे और लेज़ बनाने वाली कंपनी पेप्सिको ने 'विभिन्न भारतीयों' की क्षेत्रीय पसंद के अनुरूप भारत को आंतरिक रूप से नौ समूहों में विभाजित किया है।

पेप्सिको के सीईओ ने कहा, यदि आप कहते हैं कि यह केवल एक भारत है, तो मुझे लगता है कि हम इसके साथ पर्याप्त न्याय नहीं कर रहे हैं। कोटेचा ने पीटीआई-भाषा से कहा, आपको भारत के उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए अपना पोर्टफोलियो को डिजायन करना होगा। इसलिए उपभोक्ता-केंद्रित होना और उस पर काम करना और उस पर गहराई से विचार करना ज़रूरी है। और फिर स्वाद, प्रोफ़ाइल, स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के मामले में रुझान क्या हैं, यह समझना होगा। उन्होंने कहा कि कंपनी उपभोक्ताओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए 'काफी मात्रा में' निवेश कर रही है, क्योंकि भारत में भोजन, पाककला, पेय और पेय पदार्थों की समृद्ध विरासत है।

पेप्सिको के पास फिलहाल उत्तर प्रदेश के मथुरा, पंजाब के चन्नो, पुणे के रंजनगांव और पश्चिम बंगाल के कोलकाता के पास संकरैल में विनिर्माण संयंत्र हैं। इसके अलावा, इसका अगला संयंत्र असम में बन रहा है, जो इसी साल परिचालन में आ जाएगा।

इसके अलावा, पेप्सिको ने दो और नए संयंत्र लगाने की योजना बनाई है, जिसमें दक्षिण में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भी एक संयंत्र शामिल है।

इसके राजस्व में खाद्य क्षेत्र का योगदान लगभग 80 प्रतिशत है, जिसमें यह लेज़, कुरकुरे, डोरिटोस और क्रेकर जैसे ब्रांड के माध्यम से परिचालन करती है। कोटेचा को आने वाले वर्षों में वृद्धि की उम्मीद है क्योंकि अन्य बाजारों की तुलना में भारतीय बाजार में खपत बहुत कम है।

# आव्रजन विधेयक : जाली पासपोर्ट का उपयोग करने पर होगी सात साल तक की जेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** संसद द्वारा नए आव्रजन विधेयक को मंजूरी देने की सूरत में भारत में प्रवेश करने, रहने या बाहर जाने के लिए जाली पासपोर्ट या वीजा का इस्तेमाल करने वाले किसी भी व्यक्ति को सात साल तक की जेल की सजा और 10 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की देखरेख में तैयार इस विधेयक में होटलों, विश्वविद्यालयों, अन्य शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और नर्सिंग होम द्वारा विदेशियों के बारे में सूचना देना अनिवार्य करने का प्रावधान है, ताकि निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरने वाले विदेशियों पर नजर रखी जा सके। विधेयक में प्रावधान किया गया है कि सभी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन और जहाजों को भारत में किसी बंदरगाह या अन्य स्थान पर यात्रियों और चालक दल की सूची प्रस्तुत करनी होगी।

ग्यारह मार्च को लोकसभा में पेश विधेयक के अनुसार, ''जो कोई भी जानबूझकर जाली पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज या वीजा का उपयोग भारत में प्रवेश करने या भारत में रहने या भारत से बाहर जाने के लिए करेगा, उसे कम से कम दो वर्ष की कैद की सजा दी जाएगी, जिसे सात वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। ऐसा करने वाले पर एक लाख रु. और अधिकतम दस लाख रुपए तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा।'' आव्रजन और विदेशी विधेयक, 2025 विदेशियों और आव्रजन से संबंधित सभी मामलों को विनियमित करने के लिए एक व्यापक कानून का रूप लेगा। विदेशियों और आव्रजन से संबंधित मामलों को वर्तमान में चार अधिनियमों के माध्यम से प्रशासित किया जाता है, जिनमें पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920; विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम, 1939; विदेशी अधिनियम, 1946 और आव्रजन (वाहक दायित्व) अधिनियम, 2000 शामिल हैं।





# आईआईटी मद्रास में विकसित हो रही हाइपरलूप परियोजना दुनिया में सबसे लंबी होगी : वैष्णव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में विकास के तहत महत्वाकांक्षी हाइपरलूप परियोजना में एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब होगी।

उन्होंने कहा कि इसकी लंबाई 410 मीटर होगी और यह जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी हाइपरलूप बन जाएगी।

शहर के संक्षिप्त दौरे पर आए रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने 15 मार्च को आईआईटी मद्रास में हाइपरलूप परियोजना का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि हाइपरलूप परियोजना के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स घटक प्रौद्योगिकी चेन्नई स्थित 'इंटीग्रल कोच फैक्ट्री' में विकसित की जाएगी। रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में वैष्णव ने आईआईटी मद्रास परिसर में अपने दौरे का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, एशिया में सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब (410 मीटर)... जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी होगी।

हाइपरलूप को परिवहन का पांचवा तरीका माना जाता है। यह एक हाई-स्पीड ट्रेन है जो लगभग निर्वात ट्यूब में यात्रा करती है। कम वायु प्रतिरोध ट्यूब के अंदर कैप्सूल को 1,000 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति तक पहुंचने की सहूलियत देता है।

रेल मंत्रालय ने मई, 2022 में हाइपरलूप परिवहन प्रणाली और इसकी उप-प्रणालियों को स्वदेशी रूप से विकसित और मान्य करने के लिए आईआईटी मद्रास को 8.34 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी थी।

# राज्य बजट में रुपये के चिह्न को तमिल अक्षर से बदलना भाषा नीति पर हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को कहा कि 2025-26 के लिए पेश किए गए राज्य बजट में भारतीय रुपये के प्रतीक को तमिल अक्षर रु' से बदला जाना इस बात का प्रतीक है कि उनकी पार्टी भाषा नीति को लेकर कितनी दृढ़ है।

स्टालिन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर स्पष्ट हमला करते हुए कहा कि उन्होंने बजट का लोगो जारी किया था, लेकिन जिन्हें तमिल पसंद नहीं है, उन्होंने इसे बड़ी खबर बना दिया। मुख्यमंत्री ने अपने नियमित 'उंगालिल ओरुवन' (आप में से एक) वीडियो संबोधन में रुपये के चिह्न के मुद्दे पर आलोचना के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर कटाक्ष किया। स्टालिन ने कहा कि वह इस मामले पर जवाब दे सकती हैं, लेकिन तमिलनाडु की उसके हिस्से की राशि जारी करने की अर्जी पर नहीं। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा, मैंने बजट का लोगो जारी किया था। हमने 'रु' शब्द का इस्तेमाल यह दिखाने के लिए किया था कि हम भाषा नीति के प्रति कितने दृढ़ हैं। लेकिन जो लोग तमिल को पसंद नहीं करते, उन्होंने इसे बड़ी खबर बना दिया।

तमिलनाडु सरकार द्वारा बजट में रुपये के चिह्न की जगह रु' (स्थानीय भाषा में राष्ट्रीय मुद्रा को दर्शाने वाले 'रुबाई' का पहला अक्षर) इस्तेमाल किए जाने से विवाद पैदा हो गया था और भाजपा ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी।

# परिसीमन पर 'गलत जानकारी' फैला रहे हैं स्टालिन : केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/हैदराबाद।** केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शनिवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर गलत जानकारी फैलाने' का आरोप लगाया और दावा किया कि स्टालिन अपने कार्यकाल के दौरान उपलब्धियों की कमी को छिपाने के लिए ऐसा कर रहे हैं।

भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष किशन रेड्डी ने आरोप लगाया कि द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले लोगों को 'भड़काने' की कोशिश कर रही है।

रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा, स्टालिन को अपने काम के आधार पर वोट मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिसीमन पर चर्चा राष्ट्रीय जनगणना के बाद ही होगी।

रेड्डी ने हैदराबाद में बेगमपेट रेलवे स्टेशन पर जारी पुनर्विकास कार्य के निरीक्षण के दौरान कहा कि 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और जल्द ही स्टेशन का उद्घाटन किया जाएगा।



# तमिल लेखक नारुम्पुनाथन का निधन

**तिरुनेलवेली।** प्रसिद्ध तमिल लेखक आर. नारुम्पुनाथन का रविवार को तिरुनेलवेली में हृदयाघात से निधन हो गया। वह 65 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। नारुम्पुनाथन के परिवार में पत्नी और पुत्र हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने दिवंगत लेखक को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि वह सामाजिक गतिविधियों के अलावा तिरुनेलवेली में अपने साहित्यिक कार्यों के लिए जाने जाते थे।

मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि उनके कार्यों के सम्मान में उन्हें 2022 में राज्य सरकार के यू वे सा पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। स्टालिन ने मृतक के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रावास में गांजा मिलने के मामले में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि।** केरल पुलिस ने कोच्चि के पास कलमस्सेरी सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज के पुरुष छात्रावास में छापेमारी के दौरान दो किलोग्राम गांजा मिलने के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

इसी के साथ इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कलमस्सेरी पॉलिटेक्निक कॉलेज के तीसरे वर्ष के छात्र और कोल्लम के मूल निवासी अनुराज को शनिवार रात हिरासत में लिया गया।

सूत्रों ने बताया कि जांचकर्ता अनुराज के वित्तीय लेन-देन की जांच कर रहे हैं, क्योंकि अन्य गिरफ्तार छात्रों ने बताया है कि वह छात्रावास में गांजे की आपूर्ति करता था। सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अनुराज ने कुल चार किलोग्राम गांजा खरीदा था, जिसमें से दो किलोग्राम छात्रावास में लाया गया था। पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के तहत बृहस्पतिवार रात छापेमारी की थी और तीन छात्रों को गिरफ्तार किया था।

कुलथुपुझा (कोल्लम) के 21 वर्षीय आकाश एम को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उसके कमरे से 1.909 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हरिपद (अलप्पुझा) के 20 वर्षीय अदित्यन और करुणागप्पली (कोल्लम) के 21 वर्षीय अभिराज आर के पास से 9.70 ग्राम गांजा बरामद किया गया था। पुलिस ने शनिवार को अलुवा निवासी आशिक (20) और शालिक (21) को गिरफ्तार किया, जो संस्थान के पूर्व छात्र हैं और उन पर छात्रावास में प्रतिबंधित सामग्री की आपूर्ति करने का संदेह है।

पुलिस का कहना है कि यह छापेमारी होली से पहले बड़े पैमाने पर गांजे का भंडारण किए जाने की गुप्त सूचना मिलने पर की गई थी। उसने बताया कि मामले में अभी और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। अधिकारियों ने कहा कि छापेमारी बृहस्पतिवार रात को शुरू हुई और शुक्रवार सुबह चार बजे तक तलाशी ली गई।

## इसरो, एससीएल ने अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित किए

**बेंगलूरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र और सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला, चंडीगढ़ ने संयुक्त रूप से अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर - विक्रम 3201 और कल्पना 3201 - विकसित किए हैं। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने यह जानकारी दी। विक्रम 3201 पहला पूर्णतः भारत में निर्मित 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है जो प्रक्षेपण यानों की कठोर पर्यावरणीय परिस्थितियों में उपयोग के लिए योग्य है। प्रोसेसर को एससीएल के 180एनएम (नैनोमीटर) सीएमओएस (पूरक धातु-ऑक्साइड-अर्धचालक) सेमीकंडक्टर फैब में निर्मित किया गया है। यह प्रोसेसर स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए 16-बिट विक्रम 1601 माइक्रोप्रोसेसर का उन्नत संस्करण है, जो 2009 से इसरो के प्रक्षेपण यानों की एवियोनिक्स प्रणाली में काम कर रहा है।

## कर्नाटक में मुस्लिम ठेकेदारों को आरक्षण कांग्रेस के 'अनैतिक चरित्र' को दर्शाता है : मोहन यादव

**बेंगलूरु/भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को कहा कि कर्नाटक में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था वहां सत्तारूढ़ कांग्रेस के अनैतिक चरित्र का प्रतिबिंब है और यह कानून की कसौटी पर खरा नहीं उतरेगा। कर्नाटक की सिद्दरामय्या सरकार के मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को कर्नाटक सार्वजनिक खरीद पारदर्शिता अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दी थी, जिसके तहत दो करोड़ रुपये तक के (सिविल) कार्यों के ठेके और एक करोड़ रुपये तक के माल/सेवाओं के ठेके का चार प्रतिशत मुसलमानों के लिए आरक्षित किया गया है। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा शासकीय कार्यों में ठेकेदारों को धर्म आधारित आरक्षण की व्यवस्था का प्रावधान करना अनुचित एवं निंदनीय है। लोकतांत्रिक देश में इस तरह किसी धर्म विशेष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नियम-प्रावधान कैबिनेट से पास कर लागू करना, यही कांग्रेस का अनैतिक चरित्र है। उन्होंने कहा, दलित, पिछड़े और समाज के वंचित लोगों के उत्थान के लिए भाजपा सरकार निरन्तर काम कर रही है; जिससे सभी वर्गों को समाज में पूर्ण सम्मान और अधिकार मिल सके।

यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि इतिहास साक्षी है कि कांग्रेस ने हमेशा संविधान के मूल्यों का सम्मान करने की बजाय जातिगत पक्षपात और समाज के विभिन्न वर्गों में भेदभाव की भावना पैदा करने में मुख्य योगदान दिया है। उन्होंने कहा, कांग्रेसी भारत जोड़ो नहीं, भारत तोड़ो की विचारधारा पर काम कर रहे हैं और कर्नाटक सरकार का यह फैसला इसी राजनीति का उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के धर्म आधारित फैसलों के विरुद्ध पूर्व में भी कई बार माननीय न्यायालयों द्वारा निर्णय दिए गए हैं और इस बार भी कांग्रेस सरकार का यह फैसला न्यायालय में नहीं टिक पाएगा।

# अगर बच्चे अपने माता-पिता को अस्पताल में छोड़ते हैं तो उन्हें माता पिता की संपति ना दी जाए : मंत्री



**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मंत्री शरण प्रकाश पाटिल ने रविवार को कहा कि अगर बच्चों ने अपने बुजुर्ग माता-पिता को अस्पतालों में छोड़ दिया है, तो उनकी संपत्ति का हस्तांतरण और वसीयत रद्द कर दी जानी चाहिए। मंत्री ने कहा कि यह समस्या तब सामने आती है जब बुजुर्ग अपनी संपत्ति बच्चों के नाम पर कर देते हैं, और फिर बच्चे उन्हें अस्पतालों में छोड़कर चले जाते हैं।

अधिकारियों के अनुसार, एक गंभीर और अमानवीय घटना सामने आई है, जिसमें कई बुजुर्ग माता-पिताओं को उनके बच्चे सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में छोड़ आते हैं। यह अक्सर तब होता है जब बुजुर्ग अपनी संपत्ति बच्चों के नाम कर देते हैं।

मंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (बीआईएमएस) में अकेले 150 से ज्यादा बुजुर्गों को छोड़ने के मामले सामने आए हैं जबकि राज्य के अन्य मेडिकल संस्थानों में 100 से ज्यादा ऐसे ही मामले देखने को मिले हैं। हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में बीआईएमएस के निदेशक ने चिकित्सा शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री शरण प्रकाश पाटिल के समक्ष यह मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री ने गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

# आईओसी ने रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार उपमहाप्रबंधक को निलंबित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने अपने उप महाप्रबंधक (डीजीएम) एलेक्स मैथ्यू को रविवार को निलंबित कर दिया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मैथ्यू के खिलाफ यह कार्रवाई उन्हें तिरुवनंतपुरम में एक गैस एजेंसी के मालिक से कथित तौर पर दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद की गई है।

उन्होंने बताया कि आईओसी के एर्णाकुलम कार्यालय के डीजीएम मैथ्यू को शनिवार रात सतर्कता विभाग की विशेष जांच इकाई-1 के अधिकारियों ने शिकायतकर्ता के कुरावणकोणम स्थित आवास से गिरफ्तार किया। आईओसी ने एक बयान में कहा कि उसने अधिकारी की गिरफ्तारी के संबंध में मीडिया में आई खबरों के बाद उसे निलंबित करने का फैसला लिया। हालांकि, आईओसी ने बयान में अधिकारी के नाम या पद का जिक्र नहीं किया। आईओसी की मुख्य महाप्रबंधक एवं राज्य प्रमुख गीतिका वर्मा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इंडियन ऑयल अपने सभी काम में ईमानदारी और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सतर्कता विभाग के मुताबिक, मैथ्यू ने शिकायतकर्ता की पत्नी की आईओसी लाइसेंस प्राप्त गैस एजेंसी के ग्राहकों को अन्य एजेंसियों में स्थानांतरित होने से रोकने के लिए शिकायतकर्ता से कथित तौर पर 10 लाख रुपये की मांग की थी।


**सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै - 600 038**

**रुचि की अभिव्यक्ति**

सवारी डिब्बा कारखाना (आईसीएफ), चेन्नै, सवारी डिब्बों का एक अग्रणी निर्माता, रेल मंत्रालय, भारत सरकार ब्रॉड गेज उपनगरीय रेल परियोजना के लिए रोलिंग स्टॉक का निर्माण करना चाहता है।

**उपनगरीय रेल परियोजना के लिए एयर कंडीशंड रोलिंग स्टॉक के कारबॉडी, बोगी और आंतरिक डिजाइन के लिए संगठनों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।**

भाग लेने के इच्छुक संगठन उपर्युक्त कार्य का भार लेने के लिए अपने सीएडी बुनियादी ढांचे, डिजाइन विशेशज्ञता और ग्राहक आधार के विवरण के साथ अपनी कंपनी की प्रोफ़ाइल देते हुए अपनी रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जमा कर सकते हैं और दिनांक **31-03-2025** तक या उससे पहले भेज सकते हैं।

मुख्य डिजाइन इंजीनियर/मैकेनिकल
सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै 600 038.
फोन/फैक्स नंबर. 044-26261872 ई-मेलः cdemicf@gmail.com

विवरण के लिए कृपया वेबसाइट देखें
https://icf-indianrailways.gov.in / - निविदा सूचना रुचि की अभिव्यक्ति

**सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै - 600 038**

भारतीय रेल

निविदा सूचना सं. सडिका/बिजली/निर्माण/2024-25, दिनांक : 17.03.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर/अनु/सेल, सवारी डिब्बा कारखाना निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य (रुपए लाख में) | बयाना राशि (रुपए में) | निविदा बंद करने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025245 211746 | ईएल-डब्लू-894 अन्ना नगर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में इल्युमिनेशन व्यवस्था में सुधार हेतु बिजली कार्य। | 28.01 | 56,000/- | 07.04.2025 at 15.30 hrs. |

आवेदन जमा करने की वेबसाइट : www.ireps.gov.in
उक्त विज्ञापन का हिंदी संस्करण
http://icf.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है


# संगीतकार एआर रहमान को अस्पताल से छुट्टी मिली

## प्रशंसकों ने की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** संगीतकार ए आर रहमान को शरीर में पानी की कमी के कारण रविवार को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उनकी हालत अब ठीक है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। रहमान के परिवार ने यह जानकारी दी। रहमान के प्रबंधक सेंथिल वेलन ने बताया कि रहमान (58) को रविवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था और अब वह घर आ गए हैं।

इससे पहले उनकी बहन ए आर रिहाना ने उन खबरों का खंडन किया था कि रहमान को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रिहाना ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''उनके शरीर में पानी की कमी हो गई थी और पेट संबंधी समस्या थी।'' दो बार ऑस्कर और ग्रैमी पुरस्कार विजेता, जिन्हें रोजा, दिल से, एंथिरन और स्लमडॉग मिलियनेयर जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। रहमान के प्रबंधक ने बताया कि उन्होंने शुरुआत में गर्दन में दर्द की भी शिकायत की थी। वेलन ने पीटीआई-भाषा' से कहा, वह (रहमान) घर वापस आए हैं। वह पूरी तरह ठीक हैं। उन्हें आज सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था... चिकित्सकों ने कुछ जांच कीं और सबकुछ सामान्य था। रहमान की पत्नी सायरा बानो, जिन्होंने नवंबर में 29 साल के वैवाहिक जीवन के बाद संगीतकार से अलग होने की घोषणा की थी, ने भी रहमान के लिए शुभकामना संदेश लिखा। सायरा बानो ने एक बयान में कहा, ''ए आर मेरी प्रार्थनाओं में हैं और मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हूं। इस कठिन समय में मैं उनके साथ हूं, मैं भी अपनी सर्जरी से उबर रही हूं और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।'' एक ऑडियो बयान में उन्होंने मीडिया से कहा कि वे उन्हें रहमान की पूर्व पत्नी न कहें, क्योंकि वे अलग हुए हैं, ''तलाक नहीं'' लिया है।

सायरा बानो ने कहा, हम अब भी पति-पत्नी हैं। बात सिर्फ इतनी है कि हम अलग हो गए हैं, क्योंकि पिछले दो वर्ष से मेरी तबीयत ठीक नहीं थी और मैं उन्हें तनाव नहीं देना चाहती थी। मैं मीडिया से अनुरोध करती हूं कि मुझे उनकी पूर्व पत्नी' न कहें। मैं उनके परिवार समेत सभी से अनुरोध करती हूं कि उन्हें कोई तनाव न दें और उनका खयाल रखें। इससे पहले, रहमान के बेटे ए आर अमीन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपोलो हॉस्पिटल्स, ग्रीम्स रोड द्वारा जारी मेडिकल बुलेटिन की एक तस्वीर साझा की।

बुलेटिन में अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि रहमान शरीर में पानी की कमी के लक्षणों के बाद अस्पताल आए थे, नियमित जांच के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। इस बीच, प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर रहमान के जल्द स्वस्थ होने के संदेश साझा किए। एक प्रशंसक ने एक्स' पर कहा, ''जल्दी स्वस्थ हो जाइए... थलाइवरैया...'' एक अन्य प्रशंसक ने कहा, रहमान भाई जल्द स्वस्थ हो जाइए। हमारी दुआएं आपके साथ हैं। इससे पहले, रहमान के अस्पताल मे भर्ती होने संबंधी खबरें आने पर अमीन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने पिता के स्वास्थ्य के बारे में ताजा जानकारी साझा की थी।

उन्होंने लिखा, ''हमारे सभी प्यारे प्रशंसकों, परिवार और शुभचिंतकों को, मैं आपके प्यार, प्रार्थनाओं और सहयोग के लिए ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं। मेरे पिता शरीर में पानी की कमी के कारण थोड़ा कमजोर महसूस कर रहे थे, इसलिए हमने कुछ नियमित जांच कराईं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अब उनकी तबीयत ठीक है।'' अमीन ने लिखा, आपके शब्द और आशीर्वाद हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। हम आपकी चिंता और निरंतर सहयोग की सराहना करते हैं। आप सभी को बहुत सारा प्यार और आभार!

रहमान की बेटियों खतीजा रहमान और रहीमा रहमान ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर यही बयान और मेडिकल बुलेटिन साझा किये। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों से बात कर रहमान के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। स्टालिन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, उन्होंने मुझे बताया है कि वह ठीक हैं और जल्द ही घर लौटेंगे। रहमान की आगामी फिल्मों में लाहौर 1947, ठग लाइफ़ और तेरे इश्क में शामिल हैं।


**सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै - 600 038**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित ई-निविदाएँ IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित की गई हैं। फर्मों से अनुरोध है कि वे www.ireps.gov.in पर लॉगइन करें और निविदा के लिए कोट करें। निविदा के लिए मैन्युअल कोटेशन स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

| क्रम सं. | निविदा संख्या | खुली निविदा फाइल संदर्भ संख्या | कार्य का नाम | मात्रा/अनुसूची विवरण: क्र.सं. | शैल प्रकार | मात्रा | निविदा बंद होने और खुलने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025471211 739-OT41-SW | ML/C/OT/41/ SW/ WL & REG/ LHB/ 2025-27 | साइडवॉल फ्रेम वर्क के डीटेलों की टीआईजी वेल्डिंग और असेंबली जिग पर साइडवॉल और कारलाइन की असेंबली तथा साइडवॉल एकसेपटेन्स स्टैंड पर साइडवॉल के डीटेलों की वेल्डिंग और साइडवॉल में फ्रेम वर्क की संपूर्ण टीआईजी वेल्डिंग और ग्राइंडिंग, कारलाइन असेंबली और एमआईजी ब्रेज़िंग के साथ साइडवॉल का एकीकरण, सडिका/चेन्नै में एलएचबी और वंदे भारत ट्रेन सेट के विभिन्न प्रकारों के लिए साइडवॉल (वेट लीजिंग/रेगुलर) पर वेल्डिंग भागों की असेंबली और टीआईजी वेल्डिंग | क्र.सं. | शैल प्रकार | मात्रा सी/एस में | 01.04.2025 15.00 Hrs |
| | | | | | वेट लीजिंग मोड | | |
| | | | | 1 | एलडब्ल्यूएफएसी | 81 | |
| | | | | 2 | एलडब्ल्यूएसीसीएन | 433 | |
| | | | | 3 | एलएससीएन पीपी | 326 | |
| | | | | | साइडवॉल रेगुलर मोड | | |
| | | | | 4 | वीबी/एनडीटीसी | 18 | |
| | | | | | कुल मात्रा | 858 | |
| 2 | 2025471 211740-OT42-SF | ML/C/OT/ 42/S&F/LHB/ 2025-27 | सडिका/चेन्नै में एलएचबी और वीबी शेलों के विभिन्न प्रकारों की असेंबली और वेल्डिंग-स्टैंड गतिविधियां और फिनिशिंग गतिविधियां, केवल फिनिशिंग गतिविधियां और मैग्नेटिक स्किन टेंशनिंग। | क्र.सं. | शैल प्रकार | शैल मात्रा में | 02.04.2025 15.00 Hrs |
| | | | | | स्टैंड और फिनिशिंग गतिविधियां | | |
| | | | | 1 | एलडब्ल्यूएलआरआरएम | 335 | |
| | | | | 2 | एलएसीसीएन | 564 | |
| | | | | 3 | एलएससीएन पीपी | 304 | |
| | | | | 4 | एलडब्ल्यूसीबी नॉन एसी | 45 | |
| | | | | 5 | एलडब्ल्यूएस (आरसीएफ) | 757 | |
| | | | | | केवल अंतिम गतिविधि | | |
| | | | | 6 | एलडब्ल्यूएफएसी | 81 | |
| | | | | 7 | एलडब्ल्यूसीबीएसी | 11 | |
| | | | | 8 | एलवीपीएच | 50 | |
| | | | | 9 | वीबी/वीएम | 44 | |
| | | | | 10 | एलडब्ल्यूएस | 1000 | |
| | | | | | कुल मात्रा | 3191 | |
| 3 | 20254 71211742-OT 43-INT | ML/C/OT/ 43/ INTE GRATION/ LHB/2025-27 | सडिका/चेन्नै में एलएचबी और वीबी शेलों के विभिन्न प्रकारों के कार बॉडी असेंबली जिग में एकीकरण गतिविधियां | क्र.सं. | शैल प्रकार | शैल मात्रा में | 03.04.2025 15.00 Hrs |
| | | | | 1 | एलडब्ल्यूएलआरआरएम | 200 | |
| | | | | 2 | एलएसीसीएन | 475 | |
| | | | | 3 | एलडब्ल्यूएस | 514 | |
| | | | | 4 | वीबी/वीएम | 61 | |
| | | | | | कुल मात्रा | 1250 | |

उक्त विज्ञापन का हिंदी संस्करण http://icf.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है



# लोक सेवाओं और सुविधाओं का बेहतर प्रबन्धन करें : गजेन्द्र सिंह शेखावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। जोधपुर एवं फलोदी जिलों की जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की वर्ष 2024-25 त्रैमास की संयुक्त बैठक केन्द्रीय पर्यटन एवं सस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में रविवार को महिला पोलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित मारवाड़ इंटरनेशनल सेन्टर में आयोजित हुई। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने बैठक में जोधपुर एवं फलोदी जिले में संचालित केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, परियोजनाओं, अभियानों सहित लोक कल्याण एवं सामुदायिक विकास की गतिविधियों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा एवं समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

शेखावत ने जोधपुर एवं फलोदी जिलों में पेयजल प्रबन्धन गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि नहरबन्दी तथा ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत आगामी चार माह में पेयजल उपलब्धता के लिए उपयुक्त कंटीन्जेन्सी प्लान के अनुरूप निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य किया जाए।

शेखावत ने जल जीवन मिशन से संबंधित विभिन्न विषयों के निस्तारण को दृष्टिगत रखते हुए समुचित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बंद पड़े हैंड पम्पों तथा ट्यूबवेल्स को युद्धस्तर पर सुचारू करने के लिए जनता जल योजना अंतर्गत कारगर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि हर क्षेत्र में इस प्रकार से व्यवस्था सुनिश्चित करें कि गर्मियों के दिनों तथा नहरबन्दी के समय पेयजल वितरण में किसी भी प्रकार की दिक्कतें सामने न आएं।

शेखावत ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से कहा कि पेयजल से संबंधित तमाम गतिविधियों और योजनाओं की माइक्रो लेवल पर समीक्षा करें और गत वर्ष के अनुभवों को ध्यान में रखकर बेहतर प्रबन्धन तंत्र विकसित करें। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि कंटीन्जेंसी प्लान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मार्च माह के अन्त तक सभी अधिकारियों के साथ पारस्परिक समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करें। इसके उपरान्त समीक्षा बैठक आयोजित कर इनकी समीक्षा की जाएगी।

शेखावत ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभागीय अधिकारियों से कहा कि आगामी तीन महीने में टीबी रोगियों तथा निक्षय मित्र के गैप को खत्म करते हुए जोधपुर और फलोदी में निक्षय मित्र योजना अंतर्गत शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करें।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिलों में आ रहे मौसमी बीमारियों एवं वायरल केसेस पर विस्तृत चर्चा की और हर स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने नगर निगम आयुक्त को शहर के सीवरेज तंत्र के सुधार, साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा अतिक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।


संसदीय कार्य मंत्री पटेल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय रखकर योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और जनता से जुड़ी परियोजनाओं को तय समयावधि में पूरा करें। पाली सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि सरकार ग्रामीण विकास और कृषक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर दिया कि कृषि क्षेत्र में सुधार और आधुनिक तकनीक के उपयोग से किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

बैठक में जिला कलक्टर एवं जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति (दिशा) जोधपुर के सदस्य सचिव गौरव अग्रवाल और फलोदी के जिला कलेक्टर हरजीलाल अटल ने अपने-अपने जिलों में संचालित विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

बैठक में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, पाली सांसद पी पी चौधरी, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, बिलाड़ा विधायक अर्जुनराम गर्ग, भोपालगढ़ विधायक श्रीमती गीता बरबड़, जिला कलेक्टर जोधपुर गौरव अग्रवाल, जिला कलक्टर फलोदी हरजीलाल अटल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. धीरज कुमार सिंह, जोधपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त उत्साह चौधरी, नगर निगम (उत्तर-दक्षिण) आयुक्त सिद्धार्थ पालानीचामी, पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) राजऋषि वर्मा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा सहित जनप्रतिनिधिगण एवं जोधपुर व फलोदी के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप के वंशज अरविंद सिंह मेवाड़ का निधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य और एचआरएच होटल समूह के अध्यक्ष अरविंद सिंह मेवाड़ का उदयपुर में लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। परिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मेवाड़, राजा महाराणा प्रताप के वंशज थे और लंबे समय से बीमार थे। उदयपुर स्थित उनके निवास 'सिटी पैलेस' में उनका इलाज हो रहा था। उनके परिवार में पत्नी विजयराज कुमारी, बेटा लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और बेटियां भार्गवी कुमारी मेवाड़ और पद्मजा कुमारी परमार हैं।उनका अंतिम संस्कार सोमवार को होगा। उदयपुर सिटी पैलेस रविवार और सोमवार को पर्यटकों के लिए बंद रहेगा।

वह भगवंत सिंह मेवाड़ और सुशीला कुमारी के छोटे बेटे थे। उनके बड़े भाई महेंद्र सिंह मेवाड़ का पिछले साल नवंबर में निधन हो गया था। अरविंद सिंह मेवाड़ की शिक्षा दीक्षा अजमेर के मेयो कॉलेज में हुई और उन्होंने उदयपुर से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। मेवाड़ ने ब्रिटेन से 'होटल मैनेजमेंट' की पढ़ाई की थी और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय होटलों में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

वह एचआरएच ग्रुप ऑफ़ होटल्स का निर्माण करने से पहले कई वर्षों तक शिकागो में रहे और काम किया। वह क्रिकेट, पोलो और संगीत प्रेमी थे। मेवाड़ ने 1945-46 में राजस्थान के कप्तान के रूप में रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया और उनका एक क्रिकेटर के रूप में लगभग दो दशक तक शानदार करियर रहा। वे 1970 के दशक में पोलो खिलाड़ी थे, लेकिन चिकित्सा कारणों से उन्होंने खेल छोड़ दिया।

इंग्लैंड में पेशेवर पोलो के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए, उन्होंने कैम्ब्रिज में 'उदयपुर कप' और न्यूमार्केट पोलो क्लब की स्थापना की। उदयपुर में 'मेवाड़ पोलो' का गठन एक पोलो टीम के रूप में किया गया था, जिसमें पेशेवर खिलाड़ी शामिल थे जिन्हें भारतीय प्रतियोगिताओं के लिए विशेष रूप से चुना गया था और प्रशिक्षित किया गया था। 'मेवाड़ पोलो' टीम ने 1991 में 61वें 'कैवेलरी' खिलाड़ियों को हराकर प्रतिष्ठित प्रेसिडेंट कप जीता। वह एक उत्साही पायलट भी थे और उन्होंने माइक्रोलाइट विमान से पूरे भारत में एकल उड़ान भरी थी।

मेवाड़ उदयपुर के महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन के अध्यक्ष और प्रबंध न्यासी थे। उन्होंने अन्य ट्रस्टों का भी नेतृत्व किया। उनके पिता भगवंत सिंह मेवाड़ की मृत्यु के बाद से, मेवाड़ घराने के नेतृत्व और संपत्ति को लेकर उनके वंशजों के बीच संघर्ष और मतभेद रहे। दरअसल भगवंत सिंह ने एक ट्रस्ट के माध्यम से अपनी संपत्ति अरविंद को दे दी थी, उन्हें अपना उत्तराधिकारी नामित किया था और अपने सबसे बड़े बेटे महेंद्र सिंह मेवाड़ को विरासत से वंचित कर दिया, क्योंकि उन्होंने उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया था।

वर्ष 1984 में अपने पिता की मृत्यु के बाद अरविंद ने घर का नेतृत्व संभाला। लेकिन बड़े बेटे होने के नाते महेंद्र सिंह मेवाड़ को परिवार के नाममात्र के मुखिया के रूप में ताज पहनाया गया। महेंद्र सिंह मेवाड़ का पिछले साल नवंबर में निधन हो गया और उनके बेटे विश्वराज सिंह मेवाड़, जो भाजपा के विधायक भी हैं को परिवार का नाममात्र का मुखिया बनाया गया। विवाद तब शुरू हुआ जब विश्वराज सिंह को उनके चचेरे भाई और अरविंद सिंह मेवाड़ के बेटे लक्ष्यराज सिंह ने उदयपुर के सिटी पैलेस में अनुष्ठान पूरा करने के लिए प्रवेश नहीं करने दिया। हालांकि, बाद में गतिरोध तब खत्म हुआ जब भाजपा विधायक विश्वराज सिंह को आखिरकार सिटी पैलेस में प्रवेश करने की अनुमति दी गई ताकि वे देवता की पूजा करने के लिए 'धूनी' (पवित्र अग्नि) पर जा सकें।

## शुभकामनाएं



जयपुर में रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में जनता को गुलाल लगाकर पारंपरिक उल्लास के साथ रंगों के महोत्सव होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

## मुलाकात



राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से रविवार को राजभवन में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार मुलाकात थी। दोनों ने इस दौरान जैविक खेती और कृषि विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर संवाद किया।

# ग्राम पंचायत स्तर पर भी खोले जाएंगे सार्वजनिक पुस्तकालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में ग्राम पंचायत स्तर पर भी सार्वजनिक पुस्तकालय खोले जांएगे, जिसकी शुरुआत भरतपुर व जोधपुर जिले से होगी। शिक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार, शिक्षा विभाग के सचिव (शासन) कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में हुई राज्य पुस्तकालय समिति की बैठक में राज्य में सार्वजनिक पुस्तकालयों के विकास एवं सुदृढीकरण के लिए राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान (कोलकाता) द्वारा दी जा रही सहायता के अन्तर्गत प्रदेश में अब ग्राम पंचायत स्तर पर भी सार्वजनिक पुस्तकालय शुरु किए जाने का अहम फैसला लिया गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में भरतपुर और जोधपुर जिले में 50-50 सार्वजनिक ग्राम पंचायत पुस्तकालय खोले जाने हैं, जो ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सरकारी भवन में शुरू होंगे। उन्होंने बताया कि इन पुस्ताकलयों में 20 विद्यार्थियों के बैठने, कम्प्यूटर और चरित्र निर्माण व कैरियर मार्गदर्शन का साहित्य उपलब्ध करवाया जाएगा।

राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान के महानिदेशक डॉ. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि अगले चरण में राजस्थान के सभी जिलों की ग्राम पंचायत स्तर तक इन पुस्तकालयों को खोलने की योजना बनाई जायेगी। बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए सार्वजनिक पुस्तकालयों के भवन निर्माण, विस्तार, फर्नीचर एवं राज्य व मण्डल स्तरीय संगोष्ठी पर प्रतिष्ठान की योजना और आर्थिक सहायता पर भी चर्चा हुई। अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत प्रतिष्ठान द्वारा राज्य को कुल 3.42 करोड़ रुपए की सहायता स्वीकृत की गई, जिसमें राज्यांश के रूप में 1.37 करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

# जंगल में एक ही फंदे पर लटके मिले युवक, युवती के शव

चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के मंडफिया थाना क्षेत्र में रविवार को जंगल में मध्यप्रदेश निवासी युवक युवती के शव पेड़ पर लटके मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रूपाजी का खेड़ा गांव में आसावरामतजी रोड पर जंगल में सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक पेड़ पर युवक युवत के शव लटके हैं। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां पेड़ पर एक ही साड़ी से युवक और युवती के शव लटके मिले। पुलिस ने बताया कि युवक के शव से मिले मोबाइल पर कॉल आने पर उसकी शिनाख्त मंदसौर जिले के कमालपुर निवासी कमल पुत्र माली के रूप में हुई। दोनों ने फंदा एक ही साड़ी से लगाया था। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव उतरवाकर मंडफिया चिकित्सालय भिजवाये। उनके परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जायेगा।

तलाशी के दौरान युवक की जेब से एक पर्ची भी मिली है। इसमें सामने आया कि दोनों मंडफिया कस्बे में स्थित एक गेस्ट हाउस में भी शनिवार को रुके थे। आशंका है कि दोनों रात को पैदल इस मार्ग पर आए और आत्महत्या कर ली।

# 'एक देश, एक चुनाव' व्यवस्था लागू करने के लिए कृत संकल्पित है केंद्र : मेघवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार 'एक देश, एक चुनाव' व्यवस्था लागू करने के लिए कृत संकल्पित है। मेघवाल यहां एक निजी विश्वविद्यालय के नये अकादमिक खंड का उद्घाटन करने के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार 'एक देश, एक चुनाव' लागू करने के लिए कृत संकल्पित है। वर्ष 1952, 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे।

मेघवाल ने 'एक देश, एक चुनाव' को देशहित में बताया। उन्होंने कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' को निर्वाचन आयोग, हमारी समितियों, नीति आयोग के समूह और फिर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी उच्च स्तरीय समिति ने अपनी सहमति दी है और केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भी इसे मंजूरी दे दी है। मंत्री ने कहा कि इस विधेयक को लोकसभा में पेश किया गया, जो अभी संयुक्त संसदीय समिति के पास विचाराधीन है और इस पर विभिन्न सामाजिक संगठनों से विचार-विमर्श किया जा रहा है। कार्यक्रम से इतर मीडिया के एक सवाल के जवाब में मेघवाल ने कहा, कुछ ऐसे दल हैं, जो तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं... प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी तुष्टिकरण के बजाय संतुष्टिकरण पर बल देते हैं।

# महिला तस्कर स्मैक के साथ गिरफ्तार

जयपुर। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ के निर्देशानुसार, शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जयपुर पूर्व जिले में पुलिस उपायुक्त तेजस्वनी गौतम के निर्देशन में एक विशेष कार्रवाई को अंजाम दिया गया। 13 मार्च 2025 को पुलिस को विशेष सूचना मिली कि एक महिला स्कूटी से स्मैक की सप्लाई करने जा रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आशाराम चौधरी व सहायक पुलिस आयुक्त आदर्श नगर लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में जवाहर नगर थाना प्रभारी महेश चंद्र के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

टीम के सदस्य कांस्टेबल अशोक कुमार (9462) और धर्मपाल (12592) को मुखबिर से इनपुट मिला कि महिला टीला नंबर 01 पर स्मैक की सप्लाई करने वाली है। टीम ने तुरंत घेराबंदी कर संदिग्ध महिला को रोका और उसकी तलाशी ली तलाशी के दौरान आरोपी महिला अनिता सांसी के कब्जे से 8.23 ग्राम स्मैक बरामद हुई। साथ ही, स्मैक की तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को भी जब्त कर लिया गया। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 व 8/25 के तहत मामला दर्ज किया है । जयपुर पुलिस की यह कार्रवाई ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत की गई, जिसका उद्देश्य शहर में नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करना है। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने साफ कहा है कि इस तरह के अपराधों में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# बच्चे की हत्या के मामले में मां गिरफ्तार


उदयपुर। राजस्थान में उदयपुर जिले के डबोक थाना क्षेत्र में पुलिस ने चार वर्ष के बच्चे को कुंए में फेंककर हत्या करने के मामले का खुलासा करते हुए मृतक की मां को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि पारिवारिक कलह के चलते मृतक बालक की मां ने लीला ने ही बालक को कुंए में फेंक दिया था। पुलिस ने बताया कि दरोली गांव के मोहन गाडरी ने नौ मार्च को अपने पुत्र के कुंए में गिरने की रिपोर्ट दी कि उसकी पत्नी लीला करीब तीन महीने पहले झगड़ा करके अपने पीहर चली गई थी। करीब आठ दिन पहले ही घर लौटी थी। आठ मार्च को उसका पुत्र किशन का लापता हो गया जिसका शव शाम को कुंए में मिला। पुलिस ने बताया कि शुरु में पुलिस ने इसे दुर्घटनावश मौत होना मानते हुए मर्ग दर्ज की थी, लेकिन पुलिस ने गहराई से जांच की तो मामला संदिग्ध लगा। इस पर पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में गठित दल ने कड़ी से कड़ी मिलाते हुए बालक की हत्या के आरोप में लीला को गहन पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

# मेवाड़ की विरासत को आगे बढ़ाने में अरविंद सिंह ने निभाई अहम भूमिका : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मेवाड़ के पूर्व राजघराने के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर दुख जताया है। सीएम ने कहा कि उन्होंने मेवाड़ की वैभवशाली विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, विधायक रविंद्र सिंह भाटी, राज्य सरकार में मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने भी अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर दुख जताया है। मेवाड़ के पूर्व राजघराने के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ (81) का रविवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने शंभू निवास में अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उदयपुर स्थित उनके आवास पर उनका इलाज किया जा रहा था। अरविंद सिंह मेवाड़ के बेटे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने बताया कि सोमवार को उनका अंतिम संस्कार होगा। अंतिम संस्कार में देश-विदेश के बड़े लोगों के पहुंचने की संभावना है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ का निधन अत्यंत दुखद है। उन्होंने मेवाड़ की वैभवशाली विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका प्रभावशाली व्यक्तित्व और अनुकरणीय चरित्र भावी पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे तथा शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। वसुंधरा राजे ने एक्स पर लिखा, महाराज अरविंद सिंह मेवाड़ के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने उदयपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पर्यटन के क्षेत्र में उन्होंने जो प्रयास किए वह सदैव याद रहेंगे। शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि वह दिवंगत की आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करें।विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा, मेवाड़ राजवंश के वरिष्ठ सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। वह न केवल मेवाड़ की शान थे, बल्कि अपने प्रयासों से उदयपुर को पर्यटन के मानचित्र पर एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सेवाएं और योगदान सदैव स्मरणीय रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति दें।



राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने एक्स पर अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा, मेवाड़ राजवंश के वरिष्ठ सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ का निधन अत्यंत दुखद है। उनकी सेवाएं और योगदान सदैव स्मरणीय रहेंगे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा, उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दे एवं परिजनों को यह दुख सहन करने की हिम्मत प्रदान करे। उल्लेखनीय है कि अरविंद सिंह मेवाड़ भगवंत सिंह मेवाड़ और सुशीला कुमारी के बेटे थे।

# उप्र अब पूरी दुनिया में अपनी मजबूत कानून-व्यवस्था के लिए पहचाना जाता है : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**लखनऊ/भाषा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के आठ साल के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश उल्लेखनीय बदलाव का गवाह बना है और आज यह राज्य देश-दुनिया में अपनी मजबूत कानून-व्यवस्था के लिए जाना जाता है। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह दावा किया गया।

बयान में कहा गया कि वह उत्तर प्रदेश जिसे कभी अपराधियों के आतंक, दंगों और जघन्य अपराधों के लिए जाना जाता था, आज उसकी सूरत और सीरत दोनों ही पूरी तरह से बदल गई है। इसमें कहा गया कि उत्तर प्रदेश को अब कानून के राज के लिए जाना जाता है और यह उपलब्धि पिछले आठ वर्षों में अपनाई गई कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति का नतीजा है।

बयान के मुताबिक, योगी सरकार ने अपने अटूट संकल्प से असंभव को संभव कर दिखाया और एक ऐसा शासन मॉडल स्थापित किया, जिसमें हर नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करता है और उसे भरोसा होता है कि न्याय शीघ्र और बिना किसी समझौते के होगा।

बयान के अनुसार, योगी ने 2017 में उत्तर प्रदेश की कमान संभालते ही कुख्यात अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की। इसमें कहा गया कि राज्य पुलिस ने पिछले आठ वर्षों में 222 कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया, जबकि 8,118 अपराधी घायल हुए।

बयान के मुताबिक, योगी सरकार में 79,984 अपराधियों पर गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई, जबकि 930 अपराधियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत सख्त कदम उठाए गए।

इसमें कहा गया कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने अवैध रूप से अर्जित बेनामी संपत्तियों को चिन्हित किया और 142 अरब रुपए

# 'मृत्यु कुंभ' टिप्पणी को लेकर योगी आदित्यनाथ ने साधा ममता बनर्जी पर निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**गोरखपुर (उप्र)/भाषा।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उनके ''मृत्यु कुंभ'' वाले बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि ''जो लोग होली के दौरान उपद्रव को नियंत्रित करने में असमर्थ रहे, उन्होंने प्रयागराज के महाकुंभ को 'मृत्यु कुंभ' कहा था।''

मुख्यमंत्री ने यहां गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''पहली बार तमिलनाडु से लोग आए थे। केरल से भी लोग आए थे। उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है और होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। लेकिन, पश्चिम बंगाल में होली के दौरान कई उपद्रव हुए। जो लोग होली के दौरान उपद्रव को नियंत्रित करने में असमर्थ थे उन्होंने कहा था कि प्रयागराज का महाकुंभ 'मृत्यु कुंभ' था।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन, हमने कहा कि यह 'मृत्यु' नहीं है, यह 'मृत्युंजय' है। यह 'महाकुंभ' है। इस कुंभ ने साबित कर दिया है कि महाकुंभ के 45 दिनों में, हर दिन पश्चिम बंगाल के 50 हजार से एक लाख लोग इस आयोजन का हिस्सा थे।'' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 18 फरवरी को कहा था कि भगदड़ की घटनाओं के कारण महाकुंभ ''मृत्यु कुंभ'' में बदल गया है। उन्होंने दावा किया था कि महाकुंभ में मौतों के वास्तविक आंकड़े को अधिकारियों ने दबा दिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में एक संबोधन के दौरान बनर्जी ने कहा था, ''उन्होंने मौतों का आंकड़ा कम करने के लिए सैकड़ों शवों को छिपा दिया है। भाजपा शासन में महाकुंभ 'मृत्यु कुंभ' में बदल गया है।''

आदित्यनाथ ने मीडिया संगठन के पदाधिकारियों और अन्य पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा, ''मीडिया की सकारात्मक भूमिका को आगे बढ़ाने के लिए आपको जिस भी तरह के सहयोग की आवश्यकता होगी, सरकार आपके साथ खड़ी रहेगी।'' मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि देश में कई स्वतंत्रता सेनानी हुए हैं जिन्होंने मीडिया के माध्यम से अपने करियर को आगे बढ़ाने का काम किया।



## कांग्रेस ने वायु गुणवत्ता रिपोर्ट को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट में भारत को दुनिया का पांचवां सबसे प्रदूषित देश बताए जाने के बाद रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मांग की कि पिछले 10 वर्षों में पर्यावरण कानून में किए गए सभी 'जनविरोधी' संशोधनों को वापस लिया जाए।

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि स्विट्जरलैंड की वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी आईक्यूएआईआर ने हाल में अपनी विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट-2024 जारी की है, जिसमें पाया गया है कि भारत दुनिया का पांचवां सबसे प्रदूषित देश है। राज्यसभा सदस्य रमेश ने एक बयान में कहा कि रिपोर्ट के मुताबिक भारत में औसत सूक्ष्म पदार्थ कण (पीएम) का स्तर 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के वार्षिक मानक स्तर से 10 गुना अधिक है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 100 सबसे प्रदूषित शहरों में से 74 भारत में हैं और राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली मेघालय के बर्नीहाट के बाद दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर है।

## निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के लिए तत्काल आधार पर बाजार की निगरानी आवश्यकः मल्होत्रा



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने रविवार को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा के लिए बाजारों की तत्काल आधार पर निगरानी की वकालत की। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धा कानून के अर्थशास्त्र पर 10वें राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। उन्होंने बाजार में, विशेष रूप से नए उतरने वाले खिलाड़ियों के लिए समान अवसर की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

कॉरपोरेट मामलों के राज्यमंत्री ने कहा, कोई एकाधिकार नहीं होना चाहिए... निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा से बाजार और अर्थव्यवस्था को लाभ होता है... व्यापार की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

एमएसएमई के महत्व को रेखांकित करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल आधार पर बाजार की निगरानी और विश्लेषण आवश्यक है।

# अमित शाह ने मिजोरम की बाल गायिका एस्तेर हनामटे की प्रशंसा की, गिटार भेंट किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**आइजोल/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मिजोरम की बाल गायिका एस्तेर लालदुहावमी हनामटे की प्रशंसा की और सात वर्षीय इस प्रतिभाशाली बच्ची को एक गिटार उपहार में दिया। हनामटे ने 'वंदे मातरम' गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शाह ने शनिवार को असम राइफल्स के प्रतिष्ठानों को प्रदेश की राजधानी आइजोल से करीब 15 किलोमीटर पूर्व में स्थित जोखावसांग में एक निर्दिष्ट शिविर में स्थानांतरित किए जाने के अवसर पर आयोजित समारोह में हिस्सा लिया, जिसमें हनामटे ने 'वंदे मातरम' गाया। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''भारत के प्रति प्रेम हम सभी को एकजुट करता है। मिजोरम की अद्भुत बच्ची एस्तेर लालदुहावमी हनामटे को आइजोल में 'वंदे मातरम' गाते हुए सुनकर बहुत खुशी हुई। भारत माता के प्रति सात वर्षीय बच्ची का प्रेम उसके गीत में झलक रहा था, जिससे सुनना एक अद्भुत अनुभव रहा। उसे एक गिटार भेंट किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।'' शाह ने हनामटे को राजभवन में आमंत्रित किया और उसे गिटार भेंट किया। हनामटे के माता-पिता ने खुशी जताई और उपहार के लिए केंद्रीय गृह मंत्री को धन्यवाद दिया।

हनामटे की मां आर लालवम्पुई ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''शनिवार को समारोह के बाद हम राज्य के दक्षिणी भाग तलबंग जाने वाले थे। गृह मंत्री ने हमें राजभवन में आमंत्रित किया। हम उपहार पाकर बहुत प्रसन्न हैं।''

## पूर्वोत्तर से 88 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ बरामद, ड्रग माफियाओं पर कोई रहम नहीं : शाह

**नई दिल्ली/भाषा।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि इंफाल और गुवाहाटी क्षेत्रों में 88 करोड़ रुपए मूल्य की 'मेथमफेटामाइन' गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की गई और अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।

शाह ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''मादक पदार्थ माफियाओं के लिए कोई दया नहीं। मोदी सरकार के नशामुक्त भारत के निर्माण के अभियान को गति देते हुए 88 करोड़ रुपए मूल्य की 'मेथमफेटामाइन' गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की गई और इंफाल तथा गुवाहाटी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।'' गृह मंत्री ने इस सफलता के लिए स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) को बधाई दी। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एनसीबी इंफाल जोन के अधिकारियों ने 13 मार्च को एक अभियान चलाया। आधिकारिक बयान के अनुसार, एनसीबी टीम ने लिलोंग क्षेत्र के पास एक ट्रक को रोका और वाहन के पिछले हिस्से में एक टूलबॉक्स से 102.39 किलोग्राम मेथमफेटामाइन की गोलियां बरामद कीं।



# बिहार : कांग्रेस ने 'पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा' शुरू की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** कांग्रेस ने बिहार में रविवार को 'पलायन रोको, नौकरी दो' थीम वाली राज्यव्यापी 'पदयात्रा' शुरू की। इसमें राज्य में व्याप्त बेरोजगारी को बड़े पैमाने पर युवाओं के पलायन के लिए जिम्मेदार ठहराया गया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के बिहार मामलों के प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार जैसे नेताओं ने सुदूर पश्चिमी चंपारण जिले का दौरा किया, जहां से पदयात्रा शुरू हुई। यह पदयात्रा पार्टी की युवा और छात्र शाखाओं के स्वयंसेवकों द्वारा निकाली जा रही है। इस अवसर पर नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बिहार में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर परोक्ष रूप से हमला किया। मूल रूप से राज्य के बेगूसराय जिले के निवासी कन्हैया ने कहा, ''यह सरकार रोजगार देने में असमर्थ है। हर प्रतियोगी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने या अन्य अनियमितताओं के कारण अदालत में मुकदमेबाजी में उलझ जाती है। हाल ही में नौकरी पाने वालों, जैसे सरकारी शिक्षकों, को उनके वरिष्ठों को मिलने वाले पेंशन लाभ से वंचित किया जा रहा है।''

## वर्दी पहनकर नाचने पर तेज प्रताप के सुरक्षा गार्ड को लाइन हाजिर किया गया

**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेज प्रताप यादव के सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात एक कांस्टेबल को बिहार के पूर्व मंत्री के आवास पर होली समारोह के दौरान वर्दी पहनकर नाचने के कारण रविवार को लाइन हाजिर कर दिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय द्वारा रविवार को जारी बयान के अनुसार, ''विधायक तेज प्रताप के सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात कांस्टेबल दीपक कुमार को वर्दी में नाचने के लिए तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है। कुमार की जगह विधायक की सुरक्षा में किसी अन्य कांस्टेबल को तैनात किया जाएगा।'' बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव शनिवार को उस समय एक नए विवाद में घिर गए जब उन्होंने एक पुलिसकर्मी को आदेश दिया कि अगर उसने ठुमका नहीं लगाया, तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ेगा।

हसनपुर से विधायक तेज प्रताप के आधिकारिक आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर साझा किया गया, जिसमें एक पुलिसकर्मी को उनके कहने पर नाचते हुए देखा जा सकता है।

## सिक्किम में खाई में गिरा वाहन, आईआईटी के 10 छात्र घायल

**गंगटोक/भाषा।** सिक्किम के मंगन जिले में एक वाहन के 100 फुट गहरी खाई में गिरने से आईआईटी, धनबाद के 10 छात्र घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि छात्रों के लाचुंग से गंगटोक जाने के दौरान यह हादसा शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे पाकशेप क्षेत्र में हुआ। पुलिस के अनुसार, चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे यह दुर्घटना हुई। चालक भी इस हादसे में घायल हुआ है। घायलों में चार छात्राएं भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल तीन छात्रों को गंगटोक के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य को मंगन जिले में प्राथमिक उपचार दिया गया।



# घरेलू क्रिकेट की फॉर्म आईपीएल में भी जारी रखना चाहते हैं करुण नायर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** घरेलू क्रिकेट में सभी प्रारूप में शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी अच्छी फार्म जारी रखकर अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स को पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाना चाहते हैं।

नायर घरेलू क्रिकेट में विदर्भ के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए। उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में खेली जाने वाली विजय हजारे ट्रॉफी में नौ मैच में 389.50 की औसत से 779 रन बनाए जिसमें पांच शतक और एक अर्धशतक शामिल है।

उन्होंने रणजी ट्रॉफी में भी अपनी यह फॉर्म जारी रखी और 57.33 की औसत से 860 रन बनाए जिसमें चार शतक शामिल हैं। उन्होंने केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में नाबाद 132 रन बनाकर अपनी टीम को चैंपियन बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दिल्ली कैपिटल्स ने आगामी आईपीएल से पहले उन्हें 50 लाख रुपए में खरीदा। नायर ने यहां पत्रकारों से कहा, ''मैं दिल्ली कैपिटल्स की टीम में वापसी करके वास्तव में बहुत खुश हूं। मैं टीम से जुड़ने और खेलने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं प्रत्येक मैच को पिछले मैच की तरह महत्वपूर्ण मानकर चलूंगा। मैंने बहुत अधिक बदलाव नहीं किये और केवल प्रक्रिया पर भरोसा रखा तथा पूरे सत्र के दौरान ऐसा करना जारी रखा। इस सत्र के लिए यही मेरी रणनीति थी।''

उन्होंने कहा, ''मैं जितनी जल्दी हो सके अपनी प्रक्रिया, अपनी लय हासिल कर लूंगा और मैं जल्दी अच्छी शुरुआत करना चाहूंगा और जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा मैं बेहतर होने की कोशिश करूंगा। मैंने जो एकमात्र चीज की है वह स्वयं को परिस्थितियों के अनुसार ढालना है। मैंने अपने खेल में कुछ शॉट् जोड़े और जरूरत पड़ने पर उन्हें आजमाने का आत्मविश्वास बनाया। मैं अब तनावमुक्त रहने की भी कोशिश करता हूं।''

नायर ने दिल्ली कैपिटल्स के नए कप्तान अक्षर पटेल की ही जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''अक्षर लंबे समय से खेल रहा है और वह शानदार कप्तान साबित होगा। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो खेल के प्रत्येक पहलू के बारे में अच्छी तरह से जानता है और प्रत्येक की स्थिति और भूमिका को समझता है। मैं उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं।'' नायर आगामी सत्र में भारत के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल के साथ खेलने को लेकर भी उत्साहित हैं।

## विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल : भारत ने 33 पदक के साथ अभियान खत्म किया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने अंतिम दिन चार स्पर्धाओं में 12 पदक जीतकर इटली के तूरिन में चल रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में अपना अभियान कुल 33 पदकों के साथ खत्म किया। भारत ने आठ स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य पदक जीते।

स्नोशूइंग में भारत ने पहले जीते गए छह पदक में चार और पदक जोड़े। वासु तिवारी, शालिनी चौहान और तान्या ने 25 मीटर स्नोशूइंग स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि जहांगीर ने इसी वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। अल्पाइन स्कीइंग वर्ग में भी भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें

राधा देवी और निर्मला देवी ने इंटरमीडिएट स्लालोम (क्रमशः एफ01 और एफ04) में रजत पदक जीते जबकि अभिषेक कुमार ने नोविस स्लालोम (एम02) में एक और रजत पदक हासिल किया।

आकृति ने क्रॉस कंट्री स्कीइंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर क्लासिकल टेक्नीक (एफ02 वर्ग) में कांस्य पदक जीता।

फ्लोरबॉल स्पर्धा में भारतीय महिला टीम ने कांस्य पदक जीता।

भारत ने स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग में 10-10 पदक जीते जबकि स्नोबोर्डिंग में छह पदक हासिल किए।

शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग और फ्लोरबॉल ने देश को क्रमशः चार, दो और एक पदक दिलाया।

# अब शमी की बेटी के होली खेलने पर बरेली के मौलाना ने जताई आपत्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com






**बरेली (उप्र)/भाषा।** रमजान में मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद शमी के 'एनर्जी ड्रिंक' पीने पर विवादास्पद बयान देने वाले स्वयंभू धर्मगुरु एवं 'ऑल इंडिया मुस्लिम जमात' के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने अब शमी की बेटी के होली खेलने पर आपत्ति जताते हुए इसे ''शरीयत के खिलाफ'' करार दिया है।

रजवी ने शनिवार देर शाम जारी एक वीडियो में कहा कि शमी की बेटी आयरा का होली खेलना शरीयत के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि वह छोटी बच्ची है, अगर वह बिना समझे होली खेलती है तो कोई बात नहीं, लेकिन अगर वह समझदार है और फिर भी होली खेलती है तो इसे शरीयत के खिलाफ माना जाएगा। रजवी ने यह भी कहा कि उन्होंने शमी को पहले भी नसीहत दी थी, लेकिन उसके बावजूद उनकी बेटी का होली खेलने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। उन्होंने कहा, ''मैंने शमी समेत सभी परिजनों से अपील की है कि जो भी शरीयत में नहीं है, उसे अपने बच्चों को न करने दें। होली हिंदुओं का बहुत बड़ा त्योहार है। लेकिन, मुसलमानों को होली खेलने से बचना चाहिए। क्योंकि, अगर कोई शरीयत को जानते हुए भी होली खेलता है, तो वह गुनाह है।'' रजवी ने इससे पहले छह मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान एनर्जी ड्रिंक पीने को लेकर शमी पर निशाना साधा था और उन्हें रोजा नहीं रहने पर गुनहगार और शरीयत की नजर में ''मुजरिम'' करार दिया था। उन्होंने कहा था, क्रिकेट खेलना बुरा नहीं है, लेकिन मोहम्मद शमी को अपनी धार्मिक जिम्मेदारियों को पूरा करना चाहिए।

# कोहली ने दौरों पर परिवार के साथ रहने की वकालत की, कमरे में जाकर अकेले बैठना नहीं चाहता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु/भाषा।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टीम के दौरों पर खिलाड़ियों के परिवारों की मौजूदगी का समर्थन करते हुए कहा कि वह अपने होटल के कमरे में अकेले उदास रहने के बजाय मैदान पर मुश्किल और तनावपूर्ण दिनों से निपटने के लिए हमेशा अपने पास व्यक्तिगत समर्थन रखना पसंद करेंगे।

भारत को ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट शृंखला में मिली 1-3 की हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी निर्देश में 45 दिन से अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के परिवार के साथ समय बिताने की सीमा 14 दिन तक सीमित कर दी थी। इसके अनुसार खिलाड़ियों की पत्नी, बच्चे या महिला मित्र छोटे दौरों पर अधिकतम एक हफ्ते तक उनके साथ रह सकते हैं। हाल में खत्म हुई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कोहली, रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी के परिवार दुबई में थे लेकिन वे टीम होटल में नहीं रुके और परिवारों के ठहरने का खर्च खिलाड़ियों ने उठाया, बीसीसीआई ने नहीं। कोहली ने शनिवार को यहां खत्म हुए आरसीबी के 'इनोवेशन लैब' सम्मेलन के दौरान कहा, ''लोगों को परिवार की भूमिका समझाना बहुत मुश्किल है। हर बार जब आप किसी तनावपूर्ण स्थिति में होते तो अपने परिवार के पास वापस आना कितना महत्वपूर्ण होता है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इसकी अहमियत की समझ है।'' कोहली ने कहा कि परिवार के साथ होने से खिलाड़ी को मैदान पर मिली निराशा से जल्दी उबरने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, ''मैं अपने कमरे में जाकर अकेले बैठकर उदास नहीं रहना चाहता। मैं सामान्य होना चाहता हूं। तभी आप अपने खेल को एक जिम्मेदारी के रूप में ले सकते हैं।'' कोहली ने कहा, ''आप बाहर की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करते हैं और फिर आप अपने घर वापस आते हैं, आप परिवार के साथ होते हैं और आपके घर में माहौल बिलकुल सामान्य होता होती है और सामान्य पारिवारिक जीवन चलता रहता है।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए मेरे लिए यह बहुत खुशी का दिन होता है। जब भी संभव होता है, मैं अपने परिवार के साथ बाहर जाने और समय बिताने का कोई अवसर नहीं छोड़ता।''

## आजमगढ़ में कागजों पर चलते पाये गये 219 मदरसे : मुकदमा दर्ज

**आजमगढ़ (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में जांच के दौरान 219 मदरसे कागजों पर चलते पाये जाने के बाद, जिले के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी के मामले दर्ज किये गये हैं। पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने रविवार को बताया कि आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की जांच में पता चला था कि 219 मदरसे सिर्फ कागजों पर चल रहे थे और उनका कोई अस्तित्व नहीं है।

ईओडब्ल्यू की शिकायत के बाद जिले के 22 थानों में कुल 219 मदरसा संचालकों के खिलाफ धोखाधड़ी तथा अन्य कई आरोपों में मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मदरसा पोर्टल पर ऑनलाइन डेटा एंट्री के दौरान पाई गई विसंगतियों के आधार पर की गई जांच में शुरू में अनियमितताओं वाले 313 मदरसों की पहचान की गई थी। सरकार से साल 2017 में की गई शिकायत के बाद हुई एसआईटी जांच में यह भी पता चला कि इनमें से 219 मदरसे पूरी तरह से अस्तित्वहीन हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले की जांच ईओडब्ल्यू के माध्यम से की गई थी।

## सुविचार

**जीवन की चुनौतियों से बचने की बजाए उनका निडर होकर सामना करने की हिम्मत मिले, इसकी प्रार्थना करनी चाहिए।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बड़े धोखे हैं इस 'राह' में

उत्तर प्रदेश एटीएस ने हजरतपुर आयुध निर्माण इकाई में कार्यरत एक चार्जमैन को जिस तरह हनीट्रैप मामले में गिरफ्तार किया है, उससे उन लोगों को सबक लेना चाहिए, जो सोशल मीडिया पर बड़ी आसानी से किसी के भी 'दोस्त' बन जाते हैं। उक्त चार्जमैन कोई नौसिखिया नहीं था। वह साल 2009 से आयुध निर्माण इकाई में कार्यरत था। इस अवधि में देश की विभिन्न एजेंसियों ने पाकिस्तान द्वारा हनीट्रैप के कई मामले पकड़े थे। क्या इस शख्स को यह नहीं मालूम था कि देश की सुरक्षा से जुड़े स्थान दुश्मन के निशाने पर हैं? पिछले एक दशक में आईएसआई ने भारत के वैज्ञानिकों से लेकर सेना के कई अधिकारियों और जवानों तक को अपने जाल में फंसाने की कोशिशें की हैं। जो लोग सतर्क थे, वे उसके झांसे में नहीं आए, लेकिन कुछ लोग बड़ी आसानी से इस दलदल में धंसते गए। उन्होंने दो मीठे बोल सुनकर आईएसआई की 'हसीनाओं' के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। क्या ऐसे अधिकारी-कर्मचारी इतने मासूम होते हैं कि महज़ एक कॉल पर देश के राज़ दुश्मन को सौंप देते हैं? क्या इन्हें गोपनीयता की सुरक्षा के लिए उचित प्रशिक्षण नहीं दिया गया था? अगर दिया गया था तो ऐसा कैसे संभव है कि ये सोशल मीडिया पर कुछ शब्दों की बातचीत में ही अपना दिल खोलकर रख देते हैं? ऐसे मामलों का बार-बार सामने आना यह दर्शाता है कि हमारे तंत्र में कुछ कमजोर कड़ियां जरूर हैं, जिन्हें दुश्मन एजेंसियां अपने मंसूबे पूरे करने के लिए इस्तेमाल कर रही हैं। इन कड़ियों का दुश्मन पता लगाए, ललचाए, लुभाए और अपने काम में लगाए, इससे पहले ही ऐसी व्यवस्था की जाए कि भारतीय एजेंसियां इन्हें चिह्नित करें और खतरे से सावधान कर दें।

अगर पिछले पांच वर्षों में सामने आए ऐसे मामलों का विश्लेषण करें तो इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि जो लोग 'शिकार' हुए, उनमें से ज्यादातर सोशल मीडिया पर सक्रिय थे। ताज्जुब की बात है कि भारतीय एजेंसियां कई बार यह नसीहत दे चुकी हैं कि सोशल मीडिया पर अनजान लोगों के साथ न जुड़ें, कोई भी संवेदनशील जानकारी साझा न करें, इसके बावजूद राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित स्थानों पर तैनात कुछ लोग दरियादिली दिखाते हुए जानकारी साझा कर रहे हैं! ऐसे स्थानों पर कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों को सोशल मीडिया पर होना ही नहीं चाहिए। उनके परिजन को भी खास सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि जो तस्वीरें और जानकारियां वे साझा करेंगे, दुश्मन एजेंसियां उनका ग़लत इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता है। अब तक जो लोग हनीट्रैप के शिकार हुए, उनके पास या तो फ्रेंड रिक्वेस्ट आई या कॉल के जरिए संपर्क किया गया। इसके बाद उन्हें धीरे-धीरे शीशे में उतारा गया। कई बार मैसेज, ऑडियो कॉल, वीडियो कॉल करना, संवेदनशील जानकारी मांगना ... क्या ये बातें किसी विवेकशील मनुष्य के दिमाग में खतरे की घंटी बजाने के लिए काफी नहीं हैं? ऐसी क्या मजबूरी होती है कि वह व्यक्ति सख्ती से मना नहीं कर पाता? आईएसआई ने जिन महिलाओं को इस काम में लगा रखा है, उन्हें मैदान में उतारने से पहले काफी प्रशिक्षित किया जाता है। वे हिंदू रीति-रिवाज, पूजन पद्धति, पहनावे, भाषा और कई तरह की बातों का ध्यान रखती हैं, ताकि 'शिकार' को जरा भी शक न हो। जो एजेंट वीडियो कॉल करती है, उसके लिए सुंदरता अनिवार्य शर्त होती है। अगर किसी अधिकारी, कर्मचारी या आम नागरिक के पास ऐसा संदेश आता है तो उसे सबसे पहले खुद से यह सवाल पूछना चाहिए- 'मुझे यह क्यों भेजा गया है?' जब दोबारा संपर्क किया जाए तो पूछना चाहिए- 'मैं ही क्यों ... मुझमें ऐसा क्या है ... किसी अपरिचित महिला के पास इतना समय क्यों है कि वह बार-बार मुझसे संपर्क करे और मेरे काम में रुचि ले?' अक्लमंद इन्सान उसी समय सतर्क हो जाता है। इसके उलट, जो मधुर कल्पनाओं के वशीभूत होकर 'दोस्ती' बढ़ाता है, वह नुकसान ही उठाता है। अब सोशल मीडिया की राह बहुत रपटीली हो गई है। संभलकर चलें, बड़े धोखे हैं इस राह में!

## ट्वीटर टॉक



मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के श्री अरविंद सिंह जी मेवाड़ का निधन अत्यंत दु:खद है। उन्होंने मेवाड़ की वैभवशाली विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका प्रभावशाली व्यक्तित्व और अनुकरणीय चरित्र भावी पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

**-भजनलाल शर्मा**



प्रदेशभर में होली संपन्न कराने में पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही है, लेकिन अब अपनी लंबित मांगों को लेकर वे खुद होली का बहिष्कार करने को मजबूर हैं। प्रमोशन, भत्ता बढ़ाने, अवकाश, स्थानांतरण पॉलिसी आदि को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है।

**-सचिन पायलट**



माँ भारती की सेवा में अपना जीवन अर्पित करने वाले उत्कृष्ट सैन्य अधिकारी, देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, जनरल बिपिन रावत की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। भारतीय सेना के आधुनिकीकरण एवं सशक्तिकरण हेतु आपके द्वारा किए गए प्रयास अविस्मरणीय रहेंगे।

**-अर्जुनराम मेघवाल**

## प्रेरक प्रसंग

# मृदुभाषिता से स्वीकार्यता

राजा का पुत्र अत्यंत क्रोधी तथा अनाचारी था। राजा चिंतित रहते थे कि उनकी मृत्यु के बाद जब यह राजकुमार राजा बनेगा तो इसके गलत स्वभाव के कारण प्रजा पर क्या बीतेगी? राजा ने भगवान बुद्ध से अपनी इस चिंता की चर्चा की। बुद्ध बोले, 'राजन, तुम चिंता न करो, मैं राजकुमार को समझाऊंगा।' बुद्ध एक दिन राजकुमार के पास पहुंचे। बगिया में घूमते-घूमते उन्होंने नीम के पौधे की ओर संकेत करके कहा, 'वत्स! इसका पत्ता चखकर बताओ, स्वाद कैसा है?' राजकुमार ने नीम का पत्ता जैसे ही चबाया कि मुंह कड़वा हो गया। उसने क्रोध में आकर उस पौधे को उखाड़ा और पैरों से रौंद डाला। बुद्ध ने पूछा, 'राजकुमार तुमने पौधे को क्यों रौंद डाला?' उसने जवाब दिया, 'यह अभी इतना कड़वा है तो आगे चलकर विष-वृक्ष ही बन जाएगा। ऐसे पौधे को जड़ से कुचल देना ही ठीक है।' भगवान बुद्ध ने समझाते हुए कहा, 'राजकुमार! तुम्हारे कटु व्यवहार तथा उद्दंडता से पीड़ित नागरिकों ने भी तुम्हारे प्रति ऐसा ही व्यवहार किया तो क्या होगा। यदि तुम आगे चलकर लोकप्रिय बनना चाहते हो तो मृदुभाषी तथा दयावान बनो।' भगवान बुद्ध के वचनों ने राजकुमार की आंखें खोल दीं।

## सामयिक



**मालूम हो कि हमारे देश में कुल पांच राज्य ऐसे हैं, जहां सभी मुसलमानों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। और ये पांचों राज्य दक्षिण भारत से हैं। इनमें तेलंगाना है, आन्ध्र प्रदेश है, कर्नाटक है, केरल है और तमिलनाडु है। असल में भारत का संविधान धर्म के आधार पर किसी समुदाय को आरक्षण देने की बात नहीं कहता। बल्कि ये समाज में पिछड़े हुए लोगों के उत्थान के लिए आरक्षण की व्यवस्था को लागू करने की बात कहता है। और इस हिसाब से देखें तो धर्म के आधार पर किसी पूरे समुदाय को आरक्षण देना सही नहीं है और ये भारत के संविधान के भी खिलाफ है।दूसरा वर्ग है, वोक्कालिगा समुदाय का, जिसे जइउ की श्रेणी में अब तक चार प्रतिशत आरक्षण मिल रहा था, लेकिन मुस्लिम आरक्षण खत्म होने के बाद ये कोटा चार प्रतिशत से 6 प्रतिशत हो गया है।**

# कर्नाटक सरकार के नए आरक्षण फैसले पर उठा तूफान

**अशोक भाटिया**

**मोबाइल : 9221232130**

देश में आरक्षण देने के नाम पर सियासी पार्टियां अपनी रोटी सेंकती रहती हैं और चुनाव आते ही आरक्षण का मुद्दा जोर-शोर से उठने लगता है। आने वाले समय में देश के कई राज्यों में चुनाव होने हैं, हाल में कर्नाटक सरकार द्वारा मुस्लिम ठेकेदारों को निविदाओं में 47 आरक्षण देने के फैसले ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। सिद्दरामय्या मंत्रिमंडल ने शनिवार को कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी, जिससे 1 करोड़ रुपये तक के टेंडरों में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। भाजपा ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है।

भाजपा के रविशंकर प्रसाद ने कहा स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, अलग विश्वविद्यालय, अलग निर्वाचन क्षेत्र जैसे छोटे-छोटे मुद्दों ने अंततः स्वतंत्रता के दौरान भारत के विभाजन का कारण बना। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने इसे धर्मांतरण को बढ़ावा देने वाला कदम बताते हुए कहा कि यह सरकार वोट बैंक की राजनीति के लिए सत्ता और सार्वजनिक संसाधनों का दुरुपयोग कर रही है और हमारी अर्थव्यवस्था को राजनीतिक अवसरवाद के खेल के मैदान में बदल रही है। बीजेपी ने कहा कि ने कहा कि संविधान के तहत धर्म आधारित आरक्षण अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना भले ही चले गए हों, लेकिन अपने पीछे वे लोग छोड़ गए हैं जो उनकी राजनीति करते हैं। प्रसाद ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में मुसलमान अब ऐसी राजनीति पसंद नहीं करते। प्रसाद ने कहा कि भाजपा मौलाना अबुल कलाम आजाद और पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम जैसी मुस्लिम हस्तियों का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अंडमान और निकोबार क्षेत्र में एक द्वीप का नाम परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हामिद के नाम पर रखा है। कांग्रेस पर तंज कसते हुए प्रसाद ने कहा, वे कई बार हारने के बाद भी सबक नहीं ले रहे हैं। कर्नाटक में यह आरक्षण राहुल गांधी के संरक्षण में बढ़ाया गया है। सिद्दरामय्या इसमें खुद इसकी घोषणा करने की न तो हिम्मत है और न ही राजनीतिक ताकत। उन्होंने आगे राहुल गांधी पर वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

मालूम हो कि हमारे देश में कुल पांच राज्य ऐसे हैं, जहां सभी मुसलमानों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। और ये पांचों राज्य दक्षिण भारत से हैं। इनमें तेलंगाना है, आन्ध्र प्रदेश है, कर्नाटक है, केरल है और तमिलनाडु है। असल में भारत का संविधान धर्म के आधार पर किसी समुदाय को आरक्षण देने की बात नहीं कहता। बल्कि ये समाज में पिछड़े हुए लोगों के उत्थान के लिए आरक्षण की व्यवस्था को लागू करने की बात कहता है। और इस हिसाब से देखें तो धर्म के आधार पर किसी पूरे समुदाय को आरक्षण देना सही नहीं है और ये भारत के संविधान के भी खिलाफ है।दूसरा वर्ग है, वोक्कालिगा समुदाय का, जिसे जइउ की श्रेणी में अब तक चार प्रतिशत आरक्षण मिल रहा था, लेकिन मुस्लिम आरक्षण खत्म होने के बाद ये कोटा चार प्रतिशत से 6 प्रतिशत हो गया है। जिस तरह 6 करोड़ की आबादी वाले कर्नाटक में लगभग 80 लाख मुस्लिम आबादी है, ठीक उसी तरह साढ़े तीन करोड़ की आबादी वाले तेलंगाना में 45 लाख मुसलमान रहते हैं। इसके अलावा आंध्र प्रदेश की कुल आबादी 4 करोड़ 90 लाख है। जिनमें 36 लाख मुसलमान हैं। और केरल की आबादी 3 करोड़ 30 लाख है, जिनमें 90 लाख मुसलमान हैं। और तमिलनाडु की कुल आबादी 7 करोड़ 20 लाख है, जिनमें 42 लाख मुसलमान हैं। गौरतलब है सुप्रीम कोर्ट इसके पहले कह चुका है कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं हो सकता है।अदालत ने यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल सरकार की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान की थी। पश्चिम बंगाल सरकार ने यह याचिका कलकत्ता हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने के लिए दायर की थी, जिसमें 2010 से पश्चिम बंगाल में कई जातियों को दिए गए ओबीसी दर्जे को रद्द कर दिया गया था। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल ने दलील दी कि यह आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं बल्कि पिछड़ेपन के आधार पर दिया गया। कलकत्ता हाई कोर्ट ने अपना फैसला इस साल 22 मई को सुनाया था।पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच सुनवाई कर रही है।अदालत ने पांच अगस्त को हुई सुनवाई में पश्चिम बंगाल सरकार से ओबीसी लिस्ट में शामिल की गई नई जातियों के सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन और पब्लिक सेक्टर की नौकरियों में उनके अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर आंकड़े उपलब्ध मांगे थे।इस मामले की अगली सुनवाई सात जनवरी को होगी।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपने फैसले में 'इंद्रा साहनी बनाम भारत सरकार' मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को आधार बनाया था। 'इंद्रा साहनी बनाम भारत सरकार' मामले में सुप्रीम कोर्ट के नौ जजों के पीठ ने 1992 में माना था कि ओबीसी की पहचान केवल धर्म के आधार पर नहीं की जा सकती और उन्हें आरक्षण नहीं दिया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि सभी राज्यों को राज्य ओबीसी सूची में किसी जाति को शामिल करने और उनकी पहचान करने के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस गवई ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं हो सकता। इस पर राज्य सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि यह धर्म के आधार पर नहीं है।यह पिछड़ेपन के आधार पर है।उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अल्पसंख्यकों की आबादी 27-28 फीसदी है। सुनवाई के दौरान जब सिब्बल ने कहा कि क्या सैद्धांतिक रूप से मुस्लिम आरक्षण के हकदार नहीं हैं। इस पर जस्टिस गवई ने कहा,आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं हो सकता है। इस पर सिब्बल ने कहा,''यह आरक्षण धर्म पर आधारित नहीं है, बल्कि पिछड़ेपन पर आधारित है जिसे न्यायालय ने बरकरार रखा है।हिंदुओं के लिए भी यह पिछड़ेपन का आधार है। पिछड़ापन समाज के सभी वर्गों के लिए आम है।''

मोरारजी देसाई की सरकार ने पिछड़ी जातियों के शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन का पता लगाने के लिए बीपी मंडल के नेतृत्व में मंडल आयोग का गठन एक जनवरी 1979 को किया था। मंडल आयोग ने 1980 में अपनी रिपोर्ट पेश की। इस आयोग ने पिछड़ी जातियों के लिए 27 फीसदी आरक्षण की सिफारिश की थी।उस समय केंद्र में इंदिरा गांधी की सरकार थी, लेकिन उसने रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया। उनके बाद आई राजीव गांधी की सरकार ने भी इस दिशा में कुछ नहीं किया। कांग्रेस से बगावत कर निकले वीपी सिंह ने मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने का निर्णय लिया। सरकार ने तीन हजार 743 जातियों को मिलाकर उन्हें ओबीसी में 27 फीसदी आरक्षण दिया गया। उसी मंडल आयोग ने मुस्लिम समुदाय की कुछ जातियों को भी ओबीसी में शामिल किया था। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, केरल और असम जैसे राज्यों में मुसलमानों की कुछ जातियां ओबीसी का आरक्षण ले रही हैं।

लोकसभा के पूर्व सेक्रेटरी जनरल पीडीटी अचारी कहते हैं कि राज्य सरकार को इस बात का अख्तियार है कि वह रिजर्वेशन दे सकता है। यही कारण है कि अलग अलग राज्यों ने रिजर्वेशन दे रखा है। कर्नाटक, तामिलनाडु और केरल आदि में मुस्लिम को ओबीसी कैटिगरी में राज्य सरकार ने रखा है। इसके तहत सरकारी नौकरी और एजुकेशनल संस्थानों में रिजर्वेशन दिया जाता रहा है। यहां नया सिर्फ यह है कि टेंडर प्रक्रिया में रिजर्वेशन दिया गया है। कैबिनेट फैसला ले सकती है और इसमें कोई शक नहीं है। यह अलग बात है कि इस फैसले को संवैधानिक कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। संसद या विधानसभा से पास किसी भी कानून को संवैधानिक अदालत में चुनौती दी जा सकती है। तब अदालत स्क्रूटनी करती है और यह देखती है कि कानून या सरकार का फैसला संविधान के दायरे में है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट ज्ञानंत सिंह बताते हैं कि शीर्ष अदालत में सरकारी नौकरी में रिजर्वेशन से संबंधित मसला आया है और मौजूदा मामला टेंडर से संबंधित है। संवैधानिक तौर पर यह रिजर्वेशन शायद ही टिक पाए। क्योंकि संविधान में आर्टिकल 15 व 16 में रिजर्वेशन दिए जाने का प्रावधान है। एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में दाखिले के लिए आर्टिकल 15 के तहत प्रावधान है और सरकारी नौकरी में रिजर्वेशन का प्रावधान आर्टिकल 16 में है।

पिछली कर्नाटक सरकार (बीजेपी सरकार) ने अप्रैल 2024 में मुस्लिम ओबीसी के रिजर्वेशन को खत्म कर दिया था। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। कर्नाटक के मुस्लिम कम्युनिटी की ओर से कहा गया था कि कर्नाटक सरकार ने मुस्लिम ओबीसी का चार फीसदी रिजर्वेशन जो खत्म किया है, उसके लिए कोई उनके पास कोई स्टडी नहीं है। वहीं 26 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट में कर्नाटक सरकार ने कहा था कि मुस्लिम समुदाय को धर्म के आधार पर नौकरी में रिजर्वेशन न देने का जो फैसला किया गया है वह सोच विचार कर किया गया क्योंकि यह रिजर्वेशन असंवैधानिक है और संविधान के अनुच्छेद-14 व 16 के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम रिजर्वेशन का वह मामला अभी भी पेंडिंग है।

## नजरिया

# भौतिकवाद में सत्य के स्वरूप की प्रासंगिकता

**संजीव ठाकुर**

**मोबाइल : 9009 415 415**

**आज भौतिक साधन संपन्नता समाज में सर्वोच्च शिखर पर है और समाजिक व्यक्तिगत आत्मीय संवेदनशील संबंध ताक पर रख दिए गए हैं। नैतिकता सिद्धांतों की परिपाटी नष्ट प्राय होती जा रही है। ऐसे में एक आदर्श समाज की कल्पना बेमानी हो गई है। आज हमें सामाजिक मूल्यों को बचाने आत्मीय संबंधों की रक्षा करने के लिए सत्य तब और संयम का सहारा लेने की आवश्यकता होगी अन्यथा भारतीय समाज को पश्चिमी समाज के रूप में यहां संवेदनशीलता आत्मीयता और मानवीय संबंधों की गरिमा खत्म होने के कगार पर है।**

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। यदि सत्य सच्चाई नहीं होती, तो मानव जीवन नहीं होता, क्योंकि प्रकृति,पहाड़, झरना नदिया जंगल और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति है। और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच, स्पृहा, कामना, कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और त्वरित लाभ के लिए जीवन के भव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है। परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से परे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे।

आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है। प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक, सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है। इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है। भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है। व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है। समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्वर स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है। सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दासजी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है।

नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है। आज मनुष्य नैतिकता एवं अनैतिकता की बारीक लकीर हो पहचानने से काफी दूर हो गया है तथा भौतिक विकास के लिए किसी भी साधन को अपनाने से नहीं परहेज करता है। मानव बुद्धि विवेक संपन्न होने के कारण भौतिक सुख सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए हर तरह के उपायों को नए-नए हथकंडे के रूप है उपयोग करने लगा है जिससे समाज मे विसंगतियां पैदा होकर आत्मीय संबंधों की बलि चढ़ गई है। आदिकाल से ऐतिहासिक तौर पर भी मानव की सच्चरित्रता पर सवालिया निशान खड़े होते रहे हैं। समाज ने आपसी संबंधों को संचालित करने के लिए कुछ आदर्श मापदंड का प्रावधान भी रखा है। जिनमें सबसे महत्वपूर्ण सावधान सत्य बोलने का है किंतु मनुष्य अपने सुख साधन बटोरने के लिए सदैव सत्य से परहेज करने लगा, जिससे मनुष्य नैतिकता से काफी दूर हो गया एवं सामाजिक मान्यताओं को छिन्न-भिन्न करता आया है।

आज भौतिक साधन संपन्नता समाज में सर्वोच्च शिखर पर है और समाजिक व्यक्तिगत आत्मीय संवेदनशील संबंध ताक पर रख दिए गए हैं। नैतिकता सिद्धांतों की परिपाटी नष्ट प्राय होती जा रही है। ऐसे में एक आदर्श समाज की कल्पना बेमानी हो गई है। आज हमें सामाजिक मूल्यों को बचाने आत्मीय संबंधों की रक्षा करने के लिए सत्य तब और संयम का सहारा लेने की आवश्यकता होगी अन्यथा भारतीय समाज को पश्चिमी समाज के रूप में यहां संवेदनशीलता आत्मीयता और मानवीय संबंधों की गरिमा खत्म होने के कगार पर है। अपनाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा एवं भारतीय मूल्य संस्कार संस्कृति धीरे धीरे सनातनी समाज से दूर होते जाएंगे और हम हाथ में हाथ धरे देखते रह जाएंगे। आज नैतिकता केवल दूसरों के लिए उपदेश देने की वस्तु बन कर रह गई है। मनुष्य सामाजिक व्यवस्था का स्वयं निर्माता है किंतु नैसर्गिक रूप से लोभी, आलसी, तथा संग्रहण की प्रवृत्ति वाला हो चुका है ऐसे में कम परिश्रम में ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए असत्य फरेब एवं जालसाजी का ही सहारा लेकर अनैतिकता का परचम फैलाने में लगा हुआ है। यह भारतीय परिवेश के लिए कतई शुभ संकेत नहीं है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में पहले की तुलना में कहीं अधिक तैयार दिखाई दे रहे हैं : मोदी

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बीच परस्पर विश्वास का रिश्ता है और वे बेहतर तरीके से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं, क्योंकि वे हर चीज से ऊपर अपने राष्ट्रीय हितों को रखने में विश्वास करते हैं।

लेक्स फ्रिडमैन के साथ एक पॉडकास्ट में मोदी ने ट्रंप की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक साहसी व्यक्ति बताया, जिसने अपने फैसले खुद किए और जो अमेरिका के प्रति अटूट रूप से समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका यह समर्पण उस वक्त भी दिखा जब पिछले साल चुनाव प्रचार के दौरान एक बंदूकधारी ने उन्हें गोली मार दी थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में पहले की तुलना में कहीं अधिक तैयार दिखाई दे रहे हैं।

मोदी ने राष्ट्रपति के तौर पर ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के बारे में कहा, ''उनके दिमाग में सुपरिभाषित कदमों के साथ स्पष्ट रोडमैप है, हर रोडमैप उन्हें उनके लक्ष्यों की ओर ले जाने के लिए तैयार किया गया है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान उन्हें ट्रंप की टीम के सदस्यों से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि उन्होंने मजबूत और सक्षम टीम बनाई है। और इतनी मजबूत टीम के साथ, मुझे लगता है कि वे राष्ट्रपति ट्रंप के दृष्टिकोण को लागू करने में पूरी तरह सक्षम हैं।'' इस दौरान, उन्होंने उपराष्ट्रपति जे डी वेंस, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड, विवेक रामास्वामी और एलन मस्क के साथ अपनी बैठकों को याद किया। प्रधानमंत्री ने सितंबर 2019 में ह्यूस्टन में खचाखच भरे एनआरजी स्टेडियम में आयोजित 'हाउडी मोदी' सामुदायिक कार्यक्रम को याद किया और बताया कि किस तरह ट्रंप ने दर्शकों के बीच बैठकर उनका भाषण सुना था। उन्होंने कहा, ''यह उनकी विनम्रता है। जब मैं मंच से बोल रहा था तब अमेरिका के राष्ट्रपति श्रोताओं में बैठे थे। यह उनका शानदार भाव था।''

प्रधानमंत्री ने यह भी याद किया कि कैसे अमेरिकी सुरक्षा व्यवस्था में उस समय खलबली मच गई थी जब उन्होंने ट्रंप से दर्शकों का अभिवादन करने के लिए खचाखच भरे स्टेडियम का दौरा करने को कहा था और वह बिना किसी हिचकिचाहट के सहमत हो गए थे। उन्होंने कहा, ''उनकी पूरी सुरक्षा सकते में आ गई थी। लेकिन मेरे लिए वह क्षण वास्तव में दिल को छू लेने वाला था। इससे पता चला कि इस आदमी में हिम्मत है। वह अपने फैसले खुद करते हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने उस पल में मुझ पर और मेरे नेतृत्व पर भरोसा किया कि वह मेरे साथ भीड़ के बीच चले गए।''

मोदी ने कहा, ''यह आपसी विश्वास की भावना थी, हमारे बीच एक मजबूत बंधन था जो मैंने उस दिन वास्तव में देखा। और जिस तरह से मैंने उस दिन राष्ट्रपति ट्रम्प को सुरक्षा के बिना हजारों की भीड़ में चलते देखा, वह वास्तव में अद्भुत था।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने उसी लचीले और दृढ़ ट्रंप को देखा जब अमेरिकी चुनाव अभियान के दौरान उन पर गोली चलाई गई थी। उन्होंने कहा, ''गोली लगने के बाद भी वह अमेरिका के लिए अटूट रूप से समर्पित रहे। उनका जीवन अपने राष्ट्र के लिए है। इसने उनकी अमेरिका फर्स्ट भावना को दिखाया, जैसे मैं राष्ट्र प्रथम में विश्वास करता हूं', भारत पहले।'' उन्होंने कहा, ''मेरे लिए भारत पहले है। यही वजह है कि हम एक-दूसरे से इतने अच्छे से जुड़े।

## ट्रंप ने निर्वासन संबंधी 18वीं सदी के कानून के इस्तेमाल की घोषणा की, न्यायाधीश ने लगाई रोक

**वाशिंगटन/एपी**

निर्वासन में तेजी लाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 18वीं सदी के एक कानून का इस्तेमाल किए जाने की घोषणा की लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद एक संघीय अदालत के न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को इसे लागू करने से रोक दिया। ट्रंप प्रशासन ने इस कानून का इस्तेमाल करते हुए कहा था कि वेनेजुएला का एक गिरोह अमेरिका पर आक्रमण कर रहा है और प्रशासन के पास उसके सदस्यों को देश से बाहर निकालने के लिए नई शक्तियां हैं।

कोलंबिया जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जेम्स ई बोसबर्ग ने कहा कि उन्हें अपना आदेश तत्काल जारी करने की आवश्यकता है क्योंकि सरकार प्रवासियों को पहले से ही एल साल्वाडोर और होंडुरास भेज रही है।

अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि ट्रंप की घोषणा के तहत इन प्रवासियों को नए सिरे से निर्वासित किया जा सकता है और उन्हें एल साल्वाडोर तथा होंडुरास में कैद किया जाएगा। अल साल्वाडोर ने इस सप्ताह 300 ऐसे प्रवासियों को स्वीकार करने पर सहमति दे दी जिन्हें ट्रंप प्रशासन ने गिरोह का सदस्य घोषित किया है। बोसबर्ग ने एसीएलयू और 'डेमोक्रेसी फॉरवर्ड' द्वारा दायर मामले की शनिवार शाम सुनवाई करते हुए कहा, ''मुझे नहीं लगता कि मैं अब और इंतजार कर सकता हूं और मुझे कार्रवाई करनी होगी।''

इस फैसले से कुछ ही घंटे पहले ट्रंप ने 1798 के 'एलियन एनीमीज एक्ट्स' (विदेशी शत्रु अधिनियम) को लागू करते हुए दावा किया कि वेनेजुएला का गिरोह 'ट्रेन डी अरागुआ' अमेरिका पर आक्रमण कर रहा है।

## मुलाकात



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को जशपुर के आगाडीह हवाई पट्टी पर एनसीसी के 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन रायपुर के प्रशिक्षण कैडेट से मिलते हुए।

# पृथ्वी पर लौटने वाले अंतरिक्ष यात्रियों को करना पड़ता है कई चुनौतियों का सामना

नई दिल्ली/भाषा। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के अंदर अंतरिक्ष यात्रियों को हवा में तैरते देखना भले ही मजेदार लगता हो, लेकिन वहां गुरुत्वाकर्षण नहीं होने का असर धरती पर लौटने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों पर लंबे समय तक रहता है और उन्हें मतली, चक्कर आने, बात करने और चलने में दिक्कत जैसी चुनौतियों से जूझना पड़ता है।

नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर तथा रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्सांद्र गोरबुनोव बुधवार को स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान से पृथ्वी पर लौटेंगे।

विल्मोर और विलियम्स बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल से पिछले साल पांच जून को केप कैनवेरल से रवाना हुए थे। वे दोनों आठ दिन के मिशन के लिए ही गए थे, लेकिन अंतरिक्ष यान से हीलियम के रिसाव और वेग में कमी के कारण ये लगभग नौ माह से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं।

विभिन्न अंतरिक्ष मिशन के तहत यात्रा कर चुके कई अंतरिक्ष यात्रियों ने पृथ्वी पर लौटने के बाद चलने में कठिनाई, देखने में दिक्कत, चक्कर आने तथा 'बेबी फीट' नामक स्थिति जैसी चुनौतियों का सामना करने की बात कही है। 'बेबी फीट' का तात्पर्य है कि अंतरिक्ष यात्रियों के तलवों की त्वचा का मोटा हिस्सा निकल जाता है और उनके तलवे बच्चे की तरह मुलायम हो जाते हैं।

ह्यूस्टन स्थित 'बेलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन' ने अंतरिक्ष में शरीर में होने वाले बदलावों के बारे में कहा, ''जब अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर वापस लौटते हैं तो उन्हें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुसार तुरंत फिर से ढलना पड़ता है। उन्हें खड़े होने, अपनी दृष्टि को स्थिर करने, चलने और मुड़ने में समस्या हो सकती है। पृथ्वी पर लौटने वाले अंतरिक्ष यात्रियों को उनकी बेहतरी के लिए पृथ्वी पर लौटने के तुरंत बाद अक्सर एक कुर्सी पर बिठाया जाता है।''

अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी पर जीवन के अनुसार स्वयं को फिर से ढालने में कई सप्ताह लगते हैं। कान के अंदर स्थित 'वेस्टिबुलर' अंग मस्तिष्क को गुरुत्वाकर्षण के बारे में जानकारी भेजकर पृथ्वी पर चलते समय मनुष्यों को अपने शरीर को संतुलित रखने में मदद करता है।

जापानी अंतरिक्ष एजेंसी जेएएक्सए ने कहा, ''अंतरिक्ष में कम गुरुत्वाकर्षण के कारण 'वेस्टिबुलर' अंगों से प्राप्त होने वाली जानकारी में बदलाव आता है। ऐसा माना जाता है कि इससे मस्तिष्क भ्रमित हो जाता है और 'स्पेस सिकनेस (अंतरिक्ष में यात्रा करने वाले कई लोगों को होने वाली स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत) हो जाती है। जब आप पृथ्वी पर वापस आते हैं, तो आप पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के प्रभावों का फिर से अनुभव करते हैं और इस प्रकार कभी-कभी 'ग्रैविटी सिकनेस' हो जाती है, जिसके लक्षण 'स्पेस सिकनेस' जैसे ही होते हैं।''

पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण रक्त और अन्य शारीरिक तरल पदार्थों को शरीर के निचले हिस्से की ओर खींचता है, लेकिन अंतरिक्ष में भारहीनता के कारण अंतरिक्ष यात्रियों के शरीर में ये तरल पदार्थ शरीर के ऊपरी हिस्सों में जमा हो जाते हैं और इसी कारण वे फूले हुए नजर आते हैं।




# फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग पूरी

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी हो चुकी है।

हाल ही में, सलमान ने मुंबई में फिल्म सिकंदर की अंतिम शूटिंग पूरी की, जिसमें उनके साथ रश्मिका मंदाना, निर्देशक ए. आर. मुरुगदॉस और निर्माता साजिद नाडियाडवाला भी मौजूद थे।शूटिंग के बाद सलमान खान ने अपने लुक में एक बड़ा बदलाव किया।उन्होंने अपनी दाढ़ी साफ कर ली, जो उन्होंने फिल्म के किरदार के लिए बढ़ाई थी। सलमान की क्लीन-शेव तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बताया जा रहा है कि यह मुंबई के बांद्रा में सलमान और रश्मिका के बीच का एक पैचवर्क सीन था, जो रात 8:30 बजे पूरा हुआ।

शूटिंग खत्म होते ही सलमान ने दाढ़ी हटा दी, क्योंकि असल जिंदगी में वह क्लीन-शेव लुक ही पसंद करते हैं।'सिकंदर' की शूटिंग मुंबई, हैदराबाद और देश के अन्य हिस्सों में लगभग 90 दिनों तक चली। इस दौरान चार गाने फिल्माए गए, जिनमें तीन जबरदस्त डांस नंबर्स भी शामिल हैं। इसके अलावा, पांच बड़े एक्शन सीक्वेंस भी शूट किए गए, जो दर्शकों को बड़े पर्दे पर शानदार अनुभव देने वाले हैं। फिल्म सिकंदर में रोमांस, राजनीति, ड्रामा और बदले की कहानी के साथ बड़े पैमाने पर एक्शन देखने को मिलेगा। फिलहाल, फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम जोरों पर है, जिसमें कलर ग्रेडिंग, वीएफएक्स और बैकग्राउंड म्यूजिक जोड़ा जा रहा है।

अगले पांच दिनों में 'सिकंदर' की फाइनल प्रिंट तैयार हो जाएगी, जिसके बाद ईद 2025 की रिलीज़ के लिए काउंटडाउन शुरू हो जाएगा।हालांकि, फिल्म की मुख्य शूटिंग जनवरी में खत्म हो गई थी, लेकिन सलमान, रश्मिका और पूरी टीम ने फरवरी और मार्च में कुछ पैचवर्क और एक प्रमोशनल गाना शूट किया।



# आर. माधवन की फिल्म 'टेस्ट' का नया टीजर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

जानेमाने अभिनेता आर. माधवन की आने वाली फिल्म टेस्ट का नया टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म 'टेस्ट' का एक टीजर हाल ही में रिलीज हुआ था, जिसमें अभिनेत्री नयनतारा के किरदार का खुलासा हुआ। अब इस फिल्म का एक और टीजर सामने आया है, इसमें आर. माधवन के किरदार की झलक मिली है। इस फिल्म में अभिनेता सिद्धार्थ भी नजर आएंगे।फिल्म 'टेस्ट' में आर. माधवन ने सरवनन नाम के व्यक्ति का किरदार किया है।वह काफी महत्वकांक्षी भी है।सरवनन के सामने कई तरह के संघर्ष हैं, चुनौतियां हैं, जिनका सामना उसे करना है। आर. माधवन ने कहा,'सरवनन एक ऐसा इंसान है, जो बहुत प्रतिभाशाली है। यह गुण उसकी ताकत भी है और यही उसके लिए मुश्किल भी खड़ी करता है। फिल्म में उसे अपने व्यवहार के कारण, महत्वकांक्षी होने के कारण एक बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ती है। इस कहानी से, किरदार से कई दर्शक खुद को जोड़ सकते हैं। मैं इंतजार कर रहा हूं कि कब नेटफ्लिक्स पर दर्शक फिल्म 'टेस्ट' को देखें।'

# हर पल आखिरी लगता है : धर्मेंद्र

**मुंबई/एजेन्सी**



हिंदी सिने जगत के 'ही मैन' धर्मेंद्र जितना अपनी अदायगी से दर्शकों को लुभाते हैं उतना ही सोशल मीडिया पोस्ट से भी छाए रहते हैं। एक नई पोस्ट में 89 वर्षीय अभिनेता ने दिल की बात शायराना अंदाज में बयां की तो प्रशंसक भावुक हो उठे। धर्मेंद्र ने इंस्टाग्राम पर अपना पोट्रेट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, हर पल लगता है पल ये आखिरी है। जी भर कर लूं बातें मैं आपसे, ऐसा सभी को लगता है। हमेशा साहसी और पॉजिटिव बने रहो दोस्तों। सोशल मीडिया पर खासा पसंद किए जाने वाले अभिनेता धर्मेंद्र की लेटेस्ट पोस्ट पर उनके बेटे और अभिनेता सनी देओल ने दिल वाले इमोजी के साथ अपने जज्बात दिखाए। वहीं, उनके प्रशंसक भावुक नजर आए और कमेंट कर अभिनेता से कहा कि वह ऐसी बातें न किया करें।

एक यूजर ने लिखा, उगता हुआ सूरज आपको दुआ दे, खिलता हुआ फूल आपको खुशबू दे, हम तो देने के काबिल नहीं हैं, देने वाला आपको हजार खुशियां दे। सर, आप जैसा इंसान, आप जैसा एक्टर इस दुनिया में दोबारा नहीं मिलेगा। दूसरे यूजर ने लिखा, सर, आप उदास क्यों हैं? तीसरे ने लिखा, ऐसा मत बोलिए सर जी। एक अन्य यूजर ने धर्मेंद्र को जिंदादिल बताते हुए आगे लिखा, धरम जी, सपने में भी कभी ऐसा ख्याल न लाइए। आप ऐसी बातें ना करें। आपको नहीं पता कि आप कितनों को जीने का हौसला देते हैं। आप खुश, दीर्घायु और हमेशा स्वस्थ रहें। ईश्वर से यही प्रार्थना है। इससे पहले धर्मेंद्र ने होली के मौके पर एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में छोटे बच्चे टीवी के सामने मस्ती करते नजर आए। टीवी पर पाजी का गाना 'तू जो कहेगा मैं वो सब करूंगा...' बज रहा है।

वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए धर्मेंद्र ने कैप्शन में लिखा, देखिए कैसे ये बच्चे मेरे पुराने गाने का लुत्फ उठा रहे हैं। 'तू जो कहेगा मैं वो सब करूंगा...' गाना फिल्म 'मां' का है, जिसे आवाज मोहम्मद रफी ने दी थी।



# 'भूत बंगला' में जिशु सेनगुप्ता की एंट्री

**मुंबई/एजेन्सी**

फिल्म भूत बंगला' में जिशु सेनगुप्ता की एंट्री हो गयी है। जानेमाने फिल्मकार प्रियदर्शन की मच अवेटेड हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' इस साल की सबसे बड़ी और चर्चित फिल्मों में से एक है। ये फिल्म अक्षय कुमार और परेश रावल के साथ प्रियदर्शन की आइकॉनिक तिकड़ी की वापसी का गवाह बनेगी। मेकर्स लगातार फिल्म से जुड़े नए अपडेट्स से फैंस को एक्साइटेड बनाए हुए हैं। अब मेकर्स ने फिल्म की स्टारकास्ट में एक और दमदार नाम जोड़ दिया है। जिशु सेनगुप्ता की एंट्री फिल्म में ऑफिशियल हो चुकी है, और खास बात ये है कि इस अनाउंसमेंट को उनके बर्थडे के मौके पर किया गया है। जिशु की एंट्री से फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। जिशु सेनगुप्ता के जन्मदिन के मौके पर बालाजी टेलीफिल्म्स ने एक खास अनाउंसमेंट किया है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक इंटरेस्टिंग पोस्ट के जरिए खुलासा किया कि जिशु सेनगुप्ता प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' का हिस्सा होंगे।

जिशु सेनगुप्ता, जो अपनी दमदार और वर्सेटाइल परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं, उनकी एंट्री से 'भूत बंगला' को और भी इंट्रेस्टिंग बना दिया है। प्रियदर्शन की शानदार कॉमेडी, अक्षय कुमार की परफेक्ट टाइमिंग और एक जबरदस्त स्टारकास्ट के साथ ये फिल्म फैंस के लिए एक जबरदस्त एंटरटेनर साबित होने वाली है। फैंस इस मोस्ट अवेटेड प्रोजेक्ट से जुड़ी हर अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'भूत बंगला' में जिशु सेनगुप्ता एक आइकॉनिक स्टारकास्ट के साथ नजर आएंगे, जिसमें तब्बू, राजपाल यादव, मिथिला पालकर और वामिका गब्बी जैसे बड़े नाम शामिल हैं, जो इस फिल्म को और भी ग्रैंड बना रहे हैं। प्रियदर्शन के निर्देशन में बन रही यह फिल्म शोभा कपूर और एकता आर कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स और अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस कैप ऑफ गुड फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस की जा रही है। फिल्म के को-प्रोड्यूसर फारा शेख और वेदांत बाली हैं। इसकी कहानी आकाश ए कौशिक ने लिखी है, जबकि स्क्रीनप्ले रोहन शंकर, अभिलाष नायर और प्रियदर्शन ने तैयार किया है। डायलॉग रोहन शंकर ने लिखे हैं। 'भूत बंगला' दो अप्रैल 2026 को थियेटर में रिलीज़ होने जा रही है।



# 12 सितंबर को रिलीज होगी 'सनी संस्कारी की तुलसी' कुमारी

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और अभिनेत्री जान्हवी कपूर की जोड़ी वाली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी, 12 सितंबर को रिलीज होगी। शशांक खेतान के निर्देशन में बन रही फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस वर्ष 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी, लेकिन अब यह फिल्म सितंबर महीने में थिएटरों में दस्तक देगी। मेकर्स ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट अनाउंस की है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी अब 12 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वरुण धवन और जान्हवी कपूर इस फिल्म के जरिये एक बार फिर साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। इस फिल्म से पहले दोनों फिल्म बवाल में साथ काम कर चुकें हैं। वरुण धवन और जान्हवी कपूर के साथ इस फिल्म में सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ भी हैं। करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं।

# बैक-टू-बैक अलग-अलग फिल्मों में काम कर रही हैं शनाया कपूर

**मुंबई/एजेन्सी**



बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बैक-टू-बैक अलग-अलग जॉनर की फ़िल्मों में काम कर रही हैं। शनाया कपूर अपनी पहचान बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। फिल्म तू या मैं में अपनी पहली झलक की रिलीज़ के बाद से ही शनाया अपनी आत्मविश्वास भरी स्क्रीन प्रेजेंस के लिए लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। बेजॉय नांबियार निर्देशित और कलर येलो बैनर के तहत निर्मित तू या मैं में शनाया और आदर्श गौरव नज़र आएंगे, जिसने सभी को चौंका दिया है। झलक को लेकर शुरुआती प्रतिक्रियाएं सकारात्मक रही हैं। शनाया ने अपनी फ़िल्म आँखों की गुस्ताखियाँ की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसमें वह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता विक्रांत मैसी के साथ काम कर रही हैं। संतोष सिंह निर्देशित यह फ़िल्म रस्किन बॉन्ड की सबसे पसंदीदा लघु कहानियों में से एक से प्रेरित एक मार्मिक प्रेम कहानी है। शनाया ने अपनी तीसरी परियोजना भी शुरू कर दी है। वर्तमान में जेसी शीर्षक वाली इस फिल्म का निर्देशन शुजात सौदागर कर रहे हैं और इसमें शनाया के साथ अभय वर्मा हैं। गोवा में सेट एक रोमांटिक कॉमेडी, इस परियोजना की पुष्टि हाल ही में निर्देशक की इंस्टाग्राम स्टोरी के माध्यम से की गई थी, जिसमें दोनों मुख्य अभिनेताओं के क्लैपबोर्ड और टैग दिखाए गए थे। शनाया ने अभी-अभी अपनी पहली फिल्म पूरी की है।वह पहले से ही अपनी अगली परियोजना में जुट गई हैं, अब एक महीने के लिए गोवा में हैं, अभय वर्मा के साथ शूटिंग शुरू कर रही हैं। यह उनके लिए साल की एक पावर-पैक शुरुआत रही है - बैक-टू-बैक शूटिंग और गहन तैयारी। इस भूमिका के लिए, उन्होंने कई सप्ताह कार्यशालाओं में बिताए, और किरदार में ढलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। थ्रिलर से लेकर रोमांटिक-कॉमेडी तक की तीन फिल्मों के साथ, शनाया कपूर स्पष्ट रूप से एक बहुमुखी और पोर्टफोलियो बना रही हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

देश और समाज का दुर्भाग्य है कि प्रतिवर्ष अपनी लाखों प्रतिभाएं मातृभूमि को छोड़कर सफलता की तलाश में विदेश जा रही हैं। इस पलायन को रोकना सरकारों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। अगर यूं ही प्रतिभाओं का पलायन होता रहा तो हम पिछड़ जाएंगे। अपने देश में ऐसी व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने की आवश्यकता है कि प्रतिभाओं का लाभ भारत को ही मिले। इसके लिए एक सामूहिक राजनीतिक जागरण की जरूरत है। देश का युवावर्ग निष्ठापूर्वक यह क्रांति कर सकता है।





# नारायणी स्कूल में मनाया गया महिला दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वेल्लूर। शहर के श्रीपुरम नारायणी पीठ के संस्थापक श्री शक्ति अम्मा के आशीर्वाद से नारायणी स्कूल और शक्ति अम्मा मगलिर मेम्बट्टु मय्यम श्रीपुरम में महिला कल्याण संगठन ने संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीपुरम श्री नारायणी पीठ के ट्रस्टी एवं निदेशक एम. सुरेश बाबू, डॉ. एन. बालाजी, नारायणी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के ट्रस्टी और निदेशक और वेल्लोर सिटी नगर निगम की आयुक्त जानकी रवीन्द्रन अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम में श्रीपुरम, ग्रीनशक्ति, एसएएमएमएम, श्री नारायणी स्कूलों से बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एक नया 'पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद फेमसेफ-सेनेटरी नैपकिन' का लांच जानकी रवीन्द्रन ने किया। कार्यक्रम के बाद स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।






# पुडुचेरी के मुख्यमंत्री से भारतीय मानक ब्यूरो के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। भारतीय मानक ब्यूरो, चेन्नई शाखा कार्यालय के प्रतिनिधिमंडल दल में बीआईएस अधिकारी, उद्योग, शिक्षाविद शामिल थे, जिन्होंने पुडुचेरी के मुख्यमंत्री रंगास्वामी से 16 मार्च को मुलाकात की और पुडुचेरी संघ राज्य खरीद नीति में भारतीय मानकों के उपयोग को लागू करने का अनुरोध किया। साथ ही जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) और एमएसएमई विभागों को कैप्सूल पाठ्यक्रम आयोजित करने में बीआईएस के साथ सहयोग करने के लिए अनुरोध किया। जिला कलेक्टरों को बीआईएस केयर ऐप के उपयोग को बढ़ावा देने और मानकों का उपयोग करने वाले सरकारी विभागों/कार्यक्रमों को मान्यता देने का निर्देश दिया।

बीआईएस प्रतिनिधिमंडल में एमआरएफ टायर्स, व्हर्लपूल इंडिया लिमिटेड, सुंदरम फास्टनर्स, मारुति टेस्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, लाइसेंसधारक और बीआईएस मान्यता प्राप्त परख और हॉलमार्किंग केंद्रों के प्रतिनिधि शामिल थे। जी.भवानी, वैज्ञानिक-एफ एवं प्रमुख (चेन्नई शाखा) और जी वेंकटनारायणन, वैज्ञानिक-ई बीआईएस की ओर से थे।

मुख्यमंत्री को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस की बधाई दी गई और उन्हें सम्मानित किया गया। सीएनबीओ को बीआईएस के बारे में एक प्रशंसात्मक वीडियो देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। उनसे यह भी अनुरोध किया गया कि वे अपने विभागों को मानक चिह्नित उत्पादों पर जोर देने के निर्देश दें ताकि लोगों के लाभ के लिए लागू की गई योजनाओं में गुणवत्ता का आश्वासन देने वाले उत्पाद हों। मुख्यमंत्री को आईएस विवरण के साथ ऐसे उत्पादों की सूची दी गई। परिचर्चा के दौरान लाइसेंसधारियों ने भी अपनी बात रखी और बीआईएस के साथ अपने शानदार सफर के बारे में जानकारी दी। परख एवं हॉलमार्किंग केंद्र के प्रतिनिधि उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि बीआईएस हॉलमार्किंग योजना के शुभारंभ के बाद पुडुचेरी में बिकने वाले आभूषणों की गुणवत्ता में किस तरह सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री ने धैर्यपूर्वक सुनवाई की और कहा कि उनकी सरकार इस संबंध में बीआईएस को सदैव पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।




# नेत्र चिकित्सा शिविर में 68 लोग हुए लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। पुरुषवाक्कम एंड तंडियारपेट तालुका पॉन ब्रोकर्स एसोसिएशन के बैनर तले 16 मार्च को स्वर्गीय किरणबाई गुलेछा की पुण्य स्मृति में उनके पति मदनचंद गुलेछा एवं उनके परिवार के सदस्यों सर्व प्रकाशचंद, इंदरचंद और मुकेश गुलेछा द्वारा प्रायोजित 19 वां मुफ्त नेत्र चिकित्सा एवं मोतिया की शल्य चिकित्सा, चर्म रोग, एक्यूप्रेशर पद्धति द्वारा विभिन रोगों की चिकित्सा हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन चेन्नई के विख्यात चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ पदम कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं प्रसिद्ध एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ सुरेश कुमार सिंघवी के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। आंखों से संबंधित रोगों का उपचार अग्रवाल नेत्र चिकित्सालय के अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा किया गया।

रविवार को कॉन्डीतोप स्थित सुनदेशा मुथा जैन भवन में आयोजित इस मुफ्त नेत्र एवम सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ संगठन के अध्यक्ष डी.एल. रिखबचंद कोठारी के करकमलों से किया गया। शिविर का संचालन तालुका संघटन के सचिव आर. कालूराम सोलंकी और कोषाध्यक्ष ताराचंद पीपाड़ा ने किया। इस शिविर में कुल 107 रोगियों ने विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के लिए लाभ प्राप्त किया। कुल 68 रोगियों की नेत्र चिकित्सा की गई जिसमें 9 नेत्र रोगियों के नेत्रों का मोतियाबिंद का इलाज शल्य चिकित्सा से किया गया। वहीं 22 मरीजों का एक्यूप्रेशर पद्धित से इलाज किया गया। स्वास्थ्य शिविर में मौजूद कुल लाभार्थियों में से 56 लोगों ने अपने मधुमेह स्थर एवम रक्तचाप की जांच करवाई। शिविर में मौजूद अनुभवी एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ सुरेश सिंघवी द्वारा 22 लाभार्थियों की एक्यूप्रेशर पद्धति से अनेकों शारीरिक व्याधियों के लिए उपचार किया गया। आगामी रविवार को 64 नेत्र रोगियों को चश्मे वितरित किए जाएंगे।

# जीवन भर व्यसनों से बचने के लिए वचनपत्र भरवाये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री जैन रत्न युवक परिषद्, तमिलनाडु के अंतर्गत रत्न स्वर्ण महोत्सव में निर्व्यसनी संकल्प पत्र भरवाये गये। आचार्यश्री हीराचंद्रजी म.सा. सम्पूर्ण भारत में सभी को व्यसनमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा करते हैं। अखिल भारतीय श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ के आह्वान पर तमिलनाडु में श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, तमिलनाडु के तत्वावधान में श्री जैन रत्न युवक परिषद् तमिलनाडु के सफल संचालन के अंतर्गत चल रहे रत्न स्वर्ण महोत्सव अभियान में आचार्यश्री हीराचंद्रजी म.सा की प्रेरणा को शिरोधार्य करते हुए व्यसन मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का शुभारम्भ किया गया।

युवक परिषद् तमिलनाडु के शाखा प्रमुख संदीप ओस्तवाल ने श्रावकगण व युवाओं को संबोधित करते हुए स्वागत किया युवक परिषद् तमिलनाडु के सचिव मनोज कवाड ने कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा प्रस्तुत की व कार्यकर्ताओं द्वारा संकल्प भरवाये गए। इस अवसर पर युवक परिषद् के शाखा कार्य प्रमुख अभय सुराणा शाखा उपप्रमुख भरत बागमार परोपकार समिति संयोजक संदीप बोथरा, अंकित कोठारी, चिराग कोठारी, क्षेत्रीय प्रधान के पीयूष ओस्तवाल, निवर्तमान क्षेत्रीय प्रधान रितेश कांकरिया, उपसचिव संदीप बागमार, कोषाध्यक्ष शिखर छाजेड़, प्रवीण छाजेड़, अभिलाष नाहर, अमित बागमार, राजकुमार बागमार, दीपक व योगेश श्रीश्रीमाल, सहज सुराणा, आशीष बागमार, अरुण चोरडिया पंकज बागमार आदि अनेक कर्मठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ के प्रांतीय सदस्य वीरपिता बाबू धनपतराज सुराणा, निवर्तमान कार्याध्यक्ष नरेन्द्र कांकरिया, युवक परिषद् के क्षेत्रीय प्रधान पीयूष ओस्तवाल, स्वाध्यायी दीपक व योगेश श्रीश्रीमाल सहित अनेक सदस्यों ने संकल्प से सिद्धि निर्व्यसनी संकल्प पत्र में हस्ताक्षर करते हुए जीवनभर सिगरेट, मदिरापान, वेश्यागमन, तम्बाकू, मांसाहार, जुआ व ओनलाइन बेटींग आदि व्यसनों को नहीं करने का संकल्प किया और मित्रगण परिचितों सभी से सम्पर्क करते हुए संकल्प करवाने का निर्णय लिया गया।



# कपिल मुनि का चातुर्मास गोपालपुरम में घोषित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। ओजस्वी वक्ता श्री कपिल मुनि जी म. सा. का सन 2025 का चातुर्मास जैन संघ गोपालपुरम चेन्नई के तत्वावधान में लॉयड्स रोड स्थित छाजेड़ भवन में होना निश्चित हुआ है।

संघ के अध्यक्ष अमरचंद छाजेड़ ने बताया कि हैदराबाद में धर्म प्रभावना कर रहे श्री कपिल मुनि जी म.सा. के सानिध्य में 13 मार्च को आयोजित होली चातुर्मास के अवसर पर मंत्री राजकुमार कोठारी के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधि ने उपस्थित होकर 2025 का चातुर्मास जैन संघ, गोपालपुरम को प्रदान करने आग्रह पूर्ण विनती प्रस्तुत की।

इस पर मुनिश्री ने द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव और साधु मर्यादा के आगारों सहित स्वास्थ्य की अनुकूलता होने पर अपना 2025 का चातुर्मास गोपालपुरम-चेन्नई में करने की भावना व्यक्त की। इस चातुर्मास घोषणा से संघ में खुशी का माहौल है। इस मौके पर संघ के मंत्री राजकुमार कोठारी, कोषाध्यक्ष सुनील भड़कतिया, अशोक छाजेड़, नवरतनमल आच्छा, मूलचंद खारीवाल, भागचंद बरडिया आदि पदाधिकारीगण व सदस्यगण ने मुनिश्री को संरक्षक सुभाषचंद रांका, अध्यक्ष अमरचंद छाजेड़, मंत्री राजकुमार कोठारी, कोषाध्यक्ष सुनील भड़कतिया, संयोजक विजयकुमार कोठारी के हस्ताक्षर अंकित चातुर्मास विनती पत्र अर्पित किया।

## सुन्दरकांड पाठ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तिरुपुर। यहां मां दुर्गा भक्त मंडल की ओर से 1404वां सुन्दरकांड पाठ अविनाश शुक्ला के निवास पर हुआ। मंडल की ओर से उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने अविनाश शुक्ला के परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मंडल के पदाधिकारी, सुभाष गुप्ता, भागीरथ गुलेरिया, मदन जोशी, हीरालाल, नन्दकिशोर पारीक, विरेन्द्र शर्मा, अरविंद सिंह, उमाशंकर सिंह, लखन सैन, रघुवीर जिन्दल आदि उपस्थित थे। मंडल द्वारा प्रत्येक रविवार को तिरुपुर जिले में घर-घर जाकर भक्ति का अलख जागाया जा रहा है। इस भक्ति की प्रेरणा से सभी को धर्म के मार्ग पर लाने के लिए प्रेरित करती है।

# धर्म प्रदर्शन में नहीं, स्वदर्शन में जीवंत रहता है : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। रविवार को महालक्ष्मी लेआउट में चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर संघ के तत्वावधान में जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि धर्म की प्रभावना का अर्थ है, धर्म का इस प्रकार प्रसार-प्रचार करना जिससे अबोध लोगों को धर्म का बोध मिले, जनसामान्य धर्मतत्व के प्रति आकर्षित बने, उनके भीतर धर्मतत्व से रूपांतरण हो, यानी उनका भी मंगल-कल्याण हो।इसलिए धर्म की आराधना के बाद दूसरे क्रम में धर्म की प्रभावना आती है, यानी धर्म की आराधना-उपासना स्वयं तक केंद्रित होती है, लेकिन धर्म की प्रभावना सर्वमंगल-सर्वहित की कामना है। इसके बाद तीसरा क्रम धर्मरक्षा का आता है अर्थात अधर्म और अधार्मिक प्रवृत्तियों से धर्म की रक्षा करना। धर्म की रक्षा करने से ही अपनी रक्षा हो सकती है। दुर्गति की ओर बढ़ रही आत्माओं को धर्म धारण करता है और उन्हें सद्गति की ओर मोड़ता है। धर्म के शुद्ध स्वरूप को समझना ही ज्ञानी होने का सार है।

आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि धर्म अद्भुत, अनुपम और अमूल्य तत्व है। यह प्राणीमात्र के कल्याण और सबकी सुख-शांति का नियामक है। धर्म का अनुयायी होना और धार्मिक होना, दोनों में गहरा अंतर है। अनुयायी होने का अर्थ है किसी धर्म-संप्रदाय की मान्यता और धार्मिक होने का अर्थ है धर्म को धारण करना, धर्ममय होना यानी धर्मतत्व से स्वयं का रूपांतरण करना।

यह अवस्था धर्मतत्व को ठीक से समझे बिना संभव नहीं है। धर्मस्थल, धर्मगुरु और धर्मग्रंथ धर्म के प्रतीक हैं। वे धर्मतत्व को समझने के माध्यम हैं, लेकिन धर्मतत्व स्वयं के भीतर संक्रामित या फलीभूत हो, यह अत्यंत आवश्यक है। इसलिए धर्म का दिखावे से कोई संबंध नहीं है। धर्म प्रदर्शन में नहीं, स्वदर्शन में जीवंत रहता है। दिखावे की चेष्टाएं अधार्मिक होने का प्रतीक हैं। धर्म की आराधना-उपासना तो सभी लोग अपने-अपने ढंग से करते आ रहे हैं, लेकिन धर्मतत्व को अपने भीतर सुपाच्य बनाना अर्थात उससे अपने अंतर का रूपांतरण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

धर्म की यही वास्तविक उपलब्धि है। भीतर के रूपांतरण का अर्थ है मनुष्य के सोच-विचार, आहार, व्यवहार, वाणी, व्यापार, चाल-चलन, सभी में सम्यक परिवर्तन का आना। एक प्रकार से यह ज्ञानदशा का प्रकटीकरण है।

## पुरस्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



नईदिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक कार्यक्रम में कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं, संसद सदस्यों, महाधिवक्ता, सिविल सोसायटी के नेताओं, विभिन्न क्षेत्रों से दिल्ली के प्रमुख नागरिकों की उपस्थिति में कैपिटल फाउंडेशन अटॉर्नी जनरल के. परासरन पुरस्कार, चेन्नई के डॉ. विनोद सुराना को सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर उपेन्द्र बख्शी और वरिष्ठ प्रोफेसर ने प्रदान किया।

# गुरु राजेन्द्रसूरी चित्र प्रदर्शनी व रथ यात्रा का हुब्बल्ली में हुआ आगमन

हुब्बल्ली/दक्षिण भारत। दादा गुरूदेव राजेंद्रसूरीश्वरजी की 200वीं जन्मशताब्दी के अन्तर्गत मुनि डॉ लाभेशविजयजी के निर्देशन एवं राजराजेंद्रसूरी जैन प्रतिष्ठान गुरुधाम पुणे के तत्वावधान में भव्य चित्र प्रदर्शनी व रथ यात्रा का रविवार को हुब्बल्ली शहर में आगमन हुआ जहां गुरुभक्तों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर मरुधर शांति भवन में विराजित खरतरगच्छ समुदाय की साध्वीश्री सूर्यप्रभाश्रीजी ने कहा कि यह रथ यात्रा दादा गुरुदेव के 200 वें जन्म शताब्दी निमित्त प्रचार प्रसार करने के लिए भारत भर में विचरण करेगी जिसमें हस्त निर्मित 421 चित्रों की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई है, सभी चित्र बड़े ही मनमोहक है आकर्षक है। परिषद के सदस्य संजय सेठ ने बताया कि यात्रा कर्नाटक, तमिलनाडु एवं आंध्र प्रदेश के विभिन्न शहरों से गुजरेगी। चित्र प्रदर्शनी का उद्धघाटन लाभार्थी कांतिलाल अमीचंद दाणी परिवार ने, सुबह की आरती का लाभ तेजराज सोहनराज गांधीमुथा परिवार एवं शाम की आरती का लाभ राजेंद्र महिला परिषद ने लिया। इस अवसर पर मरुधर संघ के ट्रस्टी इंद्रमल चौहान, दिनेश संघवी, चम्पालाल जैन, कांतिलाल जैन, वीरचंद काँकरिया, विनीतकुमार बोकाड़िया, सुरेश कटारिया, राजेन्द्र युवा मंडल,नवयुवक परिषद,महिला परिषद आदि ने सदस्य उपस्थित थे।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.